आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 14-● जबलपुर ● सोमवार, 14 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-14 ● विक्रम संवत 2078 शके 1935



## शेयर बाजार में हाहाकार

## निवेशकों को 5 लाख करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल मार्केट के बीच भारतीय बाजार की शुरुआत आज भारी गिरावट के साथ हुई है। सोमवार सुबह 09.22 बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1163 पॉइंट्स टूटकर 56,989 अंक पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को पहले ही मिनट में 5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। आज सेंसेक्स शनिवार से 1,432 अंक नीचे 56,720 पर खुला था। इसने 57,140 का ऊपरी स्तर और 56,720 का निचला स्तर पहले घंटे में ही टच कर लिया।

सेंसेक्स के 30 शेयर्स में केवल ३ष्ट्स ही बढ़त में है, बाकी 29 शेयरों में गिरावट है। बैंकिंग शेयर्स जमकर टूटे हैं। SBI y%, HDFC x% और ICICI बैंक का शेयर 3.50त्न टूटा है। आज लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 258.11 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो शुक्रवार को 263.47 लाख करोड़ रुपए था। शुक्रवार को BSE का सेंसेक्स 773 पॉइंट्स गिर कर 58,152 पर, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 231 अंक टूटकर 17,374 पर बंद हुआ था।

**सेंसेक्स 1163 पॉइंट्स टूटकर 57 हजार के नीचे पहुंचा**

शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भारी गिरावट पर बंद हुए। डाऊजोंस में 503, एसएंडपी 500 में 1.9प्रश की गिरावट रही, जबकि नैस्डैक भी 294 अंक फिसलकर 14000 के नीचे बंद हुआ। यूक्रेन पर रूस हमला करने की आशंका से बाजार टूटे हैं। यूक्रेन पर तनाव बढ़ने से ब्रेंट 96 डॉलर के करीब पहुंचा है। सितंबर 2014 के बाद की ऊंचाई पर कच्चा तेल पहुंचा है।विश्लेषकों के मुतबाबिक अभी बाजार में कारोबार एक दायरे में रहेगा। इसके साथ ही निवेशकों की निगाह वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी।

# गोवा में वोटिंग की रफ्तार सबसे तेज




## यूपी में धीमी तो उत्तराखंड में बेहद सुस्त

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड और गोवा के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 55 सीटों के लिए सोमवार को मतदान हो रहा है। यूपी और गोवा में जहां सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। वहीं उत्तराखंड में 8 बजे मतदान जारी है। गोवा और उत्तराखंड में मतदान एक ही चरण में संपन्न हो जाएगा, वहीं उप्र में पांच चरण शेष रह जाएंगे। सभी सीटों पर मतगणना 10 मार्च को होगी। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समाचार लिखे जाने तक गोवा में 30 प्रश , यूपी में 28 और उत्तराखंड में 27 प्रश मतदान दर्ज हुआ है।

बरेली की आंवला विधानसभा में अलीगंज थाना थाना के गांव ढकिया में सड़क को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस वजह से ग्रामीणों ने मतदान करने से मना कर दिया। मगर कुछ लोगों ने मतदान भी किया है। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने जबरन घर से पकड़ कर 3 फीसदी मतदाताओं का मतदान करवाया। आज सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर जिले में वोटिंग जारी है। बिजनौर के नूरपुर इलाके में दो गुटों में मारपीट हो गई। जबकि सहारनपुर में पीठासीन अधिकारी की हृदयाघात से मौत हो गई गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान शुरू हो चुका है। इसके साथ ही यहां पर वोटिंग के लिए माननीयों का आना भी शुरू हो गया है। सभी पार्टियों ने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चौकस किया गया है।

### रोड नहीं तो वोट नहीं, मनाने में जुटे सभी

रोड नहीं तो वोट नहीं। धनुआ गांव को आने वाला मार्ग कच्चा और जलभराव होने की वजह से लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि 5 साल हमने इंतजार किया। लेकिन रोड नहीं बना। सुबह सात बजे से उन्होंने मतदान का बहिष्कार कर दिया।




## 1 यशभारत पहुंचा लाख तक

## जनता के बीच उतरा खरा

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी-जबलपुर के लोगों का आभार, जो प्यार-आशीर्वाद दिया वह लगातर ऐसे ही बना रहा है। अखबार क्षेत्र में लोगों के सपनो और इरादों में खरा उतरने के बाद यशभारत सोशल मीडिया में भी अग्रणी हो गया है। बहुत कम समय पर यशभारत न्यूज पोर्टल 1 लाख लोगों तक पहुंच गया है। यशभारत परिवार आशा करता है कि 1 लाख का ये आकड़ा निरंतर ऐसी ही बढ़ता रहे। हमने अखबार के साथ यशभारत न्यूज पोर्टल में शहर हित से जुड़ी खबरें, लोगो की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबरों में निष्पक्षता रखने की बदौलत यशभारत न्यूज पोर्टल 1 लाख लोगों तक पहुंच गया। यशभारत परिवार मां नर्मदा और ईश्वर से कामना करता है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में हम यूं ही आगे बढ़ते रहे। आने वाले दिनों में हम और बेहतर कर सकें इसके लिए यशभारत न्यूज पोर्टल से जुड़े लोगों का प्यार-आशीर्वाद यूं ही मिलता रहे। अगर आप हमारे साथ सोशल मीडिया में नहीं जुड़े है तो आज ही सब्सक्राईब करें यशभारत डॉट को डॉट इन। अब आपका विश्वनीय यशभारत सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मस् पर उपलब्ध। खबरों के वीडियो देखने के लिये हमारा यूट्यूब न्यूज चैनल यशभारत सब्सक्राईब करें और हर घटना की तुरंत जानकारी ले।

**चौथी डिजिटल स्ट्राइक**

## ब्यूटी कैमरा , स्वीट सेल्फी समेत चीन के 54 ऐप बैन

**नई दिल्ली।** चीन पर भारत ने एक बार फिर बड़ी साइबर सर्जिकल स्ट्राइक की है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 54 चीनी ऐप्स पर बैन लगा दिया है। इनमें ब्यूटी कैमरा और स्वीट सेल्फी HD जैसे पॉपुलर ऐप शामिल हैं। बैन किए गए ऐप्स की लिस्ट में सेल्फी कैमरा, इक्वलाइजर एंड बास बूस्टर, सेल्सफोर्स एंट के लिए कैमकार्ड, आइसोलैंड 2: एशेज ऑफ टाइम लाइट, वाइवा वीडियो एडिटर, टेनसेंट एक्सरिवर, ओनमोजी चेस, ओनमोजी एरिना, ऐप लॉक और डुअल स्पेस लाइट शामिल हैं।




इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने अपनी पड़ताल में पाया कि ये सभी एप्स भारतीय यूजर्स का डेटा चीन और अन्य देशों में भेज रहे थे। इन ऐप्स के जरिए विदेशी सर्वर्स पर भी यूजर्स का डेटा पहुंच रहा था। सरकार ने इन ऐप्स को गूगल के प्ले-स्टोर समेत बाकी प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। भारत सरकार ने इसके पहले 29 जून 2020 को चाईनीज ऐप्स बैन किए थे। 29 जून 2020 को पहली डिजिटल स्ट्राइक करते हुए 59 ऐप्स पर प्रतिबंध लगाया था।

## NSE की पूर्व एमडी योगी की सलाह लेने पर फंसीं

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पूर्व एमडी एवं सीईओ चित्रा रामकृष्ण हिमालय के अदृश्य योगी की सलाह पर फैसले लेती थीं। इन्हीं बाबा की सलाह पर उन्होंने आनंद सुब्रमण्यम को एक्सचेंज में समूह परिचालन अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक का सलाहकार नियुक्ति किया था। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को चित्रा अन्य के खिलाफ पारित अपने अंतिम आदेश में यह खुलासा किया। सेबी ने चित्रा रामकृष्ण और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि नारायण समेत अन्य लोगों पर जुर्माना लगाया है।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर 1 जुलाई से**

## चम्मच, गिलास से लेकर झंडे-बैनर और ईयरबड तक होंगे बंद

**नई दिल्ली।** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक के झंडों से लेकर ईयरबड तक पर एक जुलाई से पाबंदी होगी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने इसके उत्पादन, भंडारण, वितरण और इस्तेमाल से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। इसमें 30 जून से पहले इन पर पाबंदी की तैयारी पूरी करने को कहा गया है। एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक माना जाता है। ये प्लास्टिक उत्पाद लंबे समय तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। नुकसान को देखते हुए अगस्त 2021 में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने इस पर रोक को लेकर अधिसूचना जारी की थी। इसमें एक जुलाई से इस तरह के तमाम आइटमों पर पाबंदी लगाने को कहा गया था। इसी क्रम में सीपीसीबी की ओर से सभी संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 30 जून तक इन आइटमों पर पाबंदी की सारी तैयारी पूरी कर ली जानी चाहिए। इन वस्तुओं पर रहेगी पाबंदी - सीपीसीबी के नोटिस के मुताबिक एक जुलाई से प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड, गुब्बारे में लगने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट में काम आने वाले थर्माकोल आदि शामिल हैं।



## तीसरी लहर की हो रही छुट्टी !

### एक दिन में सिर्फ 34 हजार केस, एक्टिव मामले 5 लाख से भी कम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के मामलों में लगातार गिरावट ने हेल्थ सिस्टम से लेकर बाजार तक की उम्मीदों को एक बार फिर से परवान चढ़ा दिया है। नए केसों में लगातार गिरावट जारी है और बीते एक दिन में महज 34,113 नए केस ही पाए गए हैं। यही नहीं इस दौरान कोरोना से रिकवर होने वाले लोगों की संख्या करीब तीन गुना है। एक दिन में 91,930 लोग कोरोना संक्रमण से रिकवर हुए हैं। इसके चलते एक्टिव केसों की संख्या भी तेजी से घटी है और अब आंकड़ा 5 लाख से नीचे पहुंच गया है। फिलहाल देश भर में कोरोना के कुल 4,78,882 ही सक्रिय मामले बचे हैं। अब तक देश भर में मिले कुल कोरोना केसों के मुकाबले एक्टिव केसों का प्रतिशत भी तेजी से कम होते हुए 1.12 फीसदी ही रह गया है। इसके अलावा रिकवरी रेट में इजाफा हुआ है और यह बढ़कर 97.68 फीसदी हो गया है। यही नहीं डेली पॉजिटिविटी रेट कम होकर 3.19 फीसदी ही बचा है। वहीं वीकली पॉजिटिविटी रेट भी 3.99 पर्सेंट ही रह गया है। इस तरह देश में कोरोना की तीसरी लहर लगातार कमजोर होती दिख रही है। 20 जनवरी के आसपास इसका पीक देखने को मिला था, जब नए केसों का आंकड़ा लगातार 3 लाख के करीब बना हुआ था, लेकिन अब इसमें गिरावट ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश भर के तमाम राज्यों में स्कूलों को खोल दिया गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, यूपी, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में नाइट कर्फ्यू समेत तमाम पाबंदियों को भी समाप्त कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिल सकेगी। बीते दो सालों में बाजार में जो गिरावट देखने को मिली है, अब उसकी रिकवरी की उम्मीद आर्थिक जानकारों की ओर से की जा रही है। ऐसे में कोरोना के लगातार घटते केसों ने अर्थव्यवस्था से लेकर अन्य तमाम मामलों में देश की उम्मीद बढ़ाने का काम किया है।






## मप्र में पूरी क्षमता से खुलेंगे उच्च शिक्षण संस्थान

**भोपाल,** ।मध्य प्रदेश में अब उच्च शिक्षण संस्थान पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। सरकार ने रात्रिकालीन कर्फ्यू को छोड़कर बाकी सभी प्रतिबंध समाप्त कर दिए हैं। अभी तक कालेज और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन आधी क्षमता के साथ किया जा रहा था। वार्षिक परीक्षाएं समय पर हों, इसकी तैयारी के लिए उच्च शिक्षा मंत्री कुलपतियों के साथ इसी सप्ताह बैठक करेंगे।उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए गए थे। अब स्थिति नियंत्रण में हैं और अब कालेज और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी क्षमता के साथ संचालित होंगी। परीक्षाएं शारीरिक दूरी का पालन कराते हुए आफलाइन होंगी। इसकी तैयारियों के लिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जल्द ही बैठक करेंगे। विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम संबंधी दिशानिर्देशों का पालन अवश्य करना होगा। कोरोना संक्रमण के वजह से पिछले दो शिक्षण सत्र प्रभावित हुए हैं। ओपन बुक पद्धति से परीक्षाएं ली गई थीं। विश्वविद्यालयों ने प्रश्न पत्र तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे।

**समय पर होंगी परीक्षा**

### कर्नाटक हिजाब विवाद

## हाईकोर्ट में आज फिर सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हिजाब मामले में 14 फरवरी यानी सोमवार को हाईकोर्ट में दोबारा सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान स्कूल-कॉलेजों में धार्मिक ड्रेस कोड को लेकर कोर्ट अपना फैसला सूना सकती है। इससे पहले 10 फरवरी को हुई सुनवाई में कोर्ट ने अगले आदेश तक स्कूल-कॉलेजों में हिजाब समेत अन्य धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक लगाया था। साथ ही हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेजों को खोलने के आदेश दिए थे। हिजाब विवाद के बाद राज्य में आज से 9वीं और 10वीं के स्कूल खुल गए हैं। सीएम बसवराज बोम्मई ने भरोसा जताया है कि राज्य में हालात फिर से सामान्य हो जाएंगे और शांति के साथ छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। इस मामले में उन्होंने शिक्षा मंत्री बीसी नागेश से स्कूल और कॉलेजों की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

## पीएसएलवी-सी 52 अंतरिक्ष की ओर

### इसरो ने की साल के पहले मिशन की लॉन्चिंग सफल

**बेंगलुरु।** 25:30 घंटे की उल्टी गिनती के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस साल के पहले प्रक्षेपण मिशन को सोमवार को लॉन्च कर दिया। सोमवार तड़के जैसे ही सुबह के 5.59 मिनट हुए, इसरो ने सैटेलाइट ईओएस-04 का प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी52 के जरिये हुआ। इसके साथ ही दो अन्य छोटे सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। इस मिशन की सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के बाद सभी ने ताली बजाकर इसका स्वागत भी किया। इस मिशन के तहत रडार इमेजिंग EOS-04 को अंतरिक्ष में भेजा गया है। 1,710 किलो वजनी ईओएस-04, अंतरिक्ष में 529 किलोमीटर के सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में चक्कर लगाएगा। इसरो ने बताया कि ईओएस-04 राडार इमेजिंग सैटेलाइट है। इसका इस्तेमाल पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में होगा। इनसे कृषि, वानिकी, पौधरोपण, मिट्टी में नमी, पानी उपलब्धता और बाढ़ ग्रस्त इलाकों के नक्शा को तैयार करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा दो अन्य सैटेलाइट को भी अंतरिक्ष में भेजा गया है। यह पीएसएलवी की 54वीं उड़ान है और 6 पीएसओएस-एक्सएल (स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करते हुए 23वां मिशन है।



## अब किसानों को ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा अनुदान

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। कृषि उपकरणों पर दिया जाने वाला अनुदान अब ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा। प्रकरण स्वीकृत होने के बाद किसान के नाम पर ई-रुपी वाउचर जारी होगा। इसे दिखाकर वह अधिकृत उपकरण विक्रेता से अपनी पसंद के उपकरण लेगा। उपकरण के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसान को मोबाइल फोन पर ओटीपी भेजा जाएगा। जैसे ही वह सहमति देगा, उपकरण निर्माता कंपनी को भुगतान हो जाएगा।



# पेंटी नाका चौराहे पर अवैध पार्किंग

# आए दिन हो रही दुर्घटना है दिन भर लगा रहता है जाम



**जबलपुर यश भारत।** पेंटी नाका चौराहे से गोरा बाजार की ओर जाने वाले मार्ग व कोबरा कैंटीन की तरफ जाने वाले मार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका कारण है सड़क पर अवैध तरीके से लग रहा दोपहिया वाहनों का स्टैंड। जो आये दिन दुर्घटना का कारण बन रहा है। दोनों तरफ की सड़कों पर एक तरफ कॉलेज है तो दूसरी तरफ स्कूल की गाड़ियां खड़ी रहती है। जिसके लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है लेकिन कॉलेज व स्कूल प्रबंधन की अनदेखी के चलते यहां आने वाले छात्र एवं छात्राएं अपने वाहनों को मनमाने तरीके से सड़क पर खड़े कर कर चले जाते हैं। जो जाम का कारण बन रहा है जिसके चलते कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं।

### नहीं होती कार्यवाही

वैसे तो यहां से कैंट थाना चंद कदमों की दूरी पर है लेकिन उसके बाद भी इस तरह की गति गतिविधि पर कोई भी कार्यवाही नहीं होती। पूर्व में एक दो बार कॉलेज व स्कूल प्रबंधन को बाहर गाड़ियां खड़ी न करवाने को लेकर कहा भी गया था। लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला एक और जहां गोरा बाजार रोड पर मण्डला की ओर जाने वाली भारी वाहनों का लोड रहता है वहीं कोबरा कैंटीन की तरफ वीआईपी मार्ग है। जिससे आला अधिकारियों का आना जाना होता है। उसके बाद भी यहां के हालात जस के तस बने हुए हैं।

### होटलों में जमघट

एक और जहां स्कूल कॉलेज की गाड़ियां खड़ी होतीं हैं वहीं पेंटी नाका से सदर जाने वाले मार्ग पर लेफ्ट टर्न का निर्माण किया गया है । लेकिन यहां पर होटलों के बाहर अक्सर गाड़ियों की पार्किंग रहती है जो लेफ्ट टर्न फ्री न रह कर पार्किंग के रूप में उपयोग होती है जो सिग्नल छूटते समय जाम का कारण बनती है।

# ढीले पड़े ठंड के तेवर

जबलपुर, । सोमवार को सुबह-सुबह ठंड का असर कम रहा। मौसम साफ होने के बाद सूरज की तपिश भी तेज हो चली है। चटख धूप से ठंड के तेवर भी अब ढीले पड़ने लगे हैं। रविवार को सर्द हवाएं लोगों को ठंडक का अहसास कराती रही। दिन चढ़ने के साथ ही सूरज की बढ़ती तेज धूप से ठंड कम होती चली गई। दोपहर बाद ठंड का अहसास काफी हद तक कम हो गया। दिन का अधिकतम तापमान भी संभलते हुए 1.4 डिग्री तक बढ़ गया। हालांकि शाम को दो किमी की रफ्तार से चली उत्तरी बर्फीली हवाएं वातावरण में घुलती गई और रात में ठंड का अहसास बढ़ता चला गया। मौसम विभाग की माने तो 15 फरवरी तक मौसम एक बार फिर बदल सकता है फिलहाल माह में दूसरी बार लौटी ठंड के कहर से अब लोगों को कुछ राहत मिलने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री के ऊपर चले जाने से ठंड का असर कम हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक एक-दो दिन तापमान ऐसा ही रहेगा। हालांकि न्यूनतम तापमान में अब भी 10 डिग्री के नीचे स्थिर है। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं आज सुबह का तापमान 9.7 डिसे रहा जो सामान्य से 3 डिसे कम रहा। सुबह की आद्रता 68 प्रतिशत रही। मौसम विभाग की माने तो 15 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के संकेत मिल रहे है। इसके असर से तापमान में दो से दिन डिग्री तक उछाल देखा जा सकेगा। जिससे ठंड से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन 16-17 फरवरी के बाद तापमान में एक बार फिर गिरावट को दौर शुरू हो जाएगा।

### अमिता का हुआ सम्मान...

जबलपुर। अध्यक्ष राज्य महिला वित्त एवं विकास निगम म. प्र. शासन श्रीमती अमिता चपरा का विकलांग सेवा भारती द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत दीपांकर बैनर्जी ने किया और बताया अमिता जी एवं मल्लिका जी ने 2 बच्चों के साथ 14 जनवरी 1991 मे विकलांग सेवा भारती को शुरुआत की उन्होंने विकलांगता के क्षेत्र मे कार्य किया और समाज की सेवा की है। हमारे यहाँ मानसिक मंद, मूक बधिर, श्रावण बंधितार्थ, बहु विकलांग बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है।अब तो डी. एड. स्पेशल कॉलेज की शुरुआत हो गई है।






## होटल अरिहंत का रजत जयंती उत्सव

# शुद्धता, शाकाहारी और स्वाद ,वाजिद दाम

जबलपुर। संस्कारधानी के हृदय क्षेत्र रसल चौक मैं स्थित होटल अरिहंत पैलेस के आज 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह होटल में मनाया गया इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस होटल के वह पुराने ग्राहक भी इस उत्सव में शामिल हुए होटल के प्रांगण में 25 वर्षों की मेमोरी को साथ में लिए हुए एक गैलरी का निर्माण किया गया जिसके साथ ही मधुर यादों के बीच में केक काटा गया इस अवसर पर होटल के संचालक राजेश जैन (पिंकी भईया ) भावुक भी हो गए और उन्होंने अपने ग्राहकों से यह वादा किया की शुद्धता शाकाहारी और स्वाद तथा वाजिद दामों के साथ होटल अरिहंत पैलेस अपनी सेवाएं दिन प्रतिदिन और भी बेहतर करेगी तथा इस अवसर में होटल के सबसे प्रतिष्ठित और जाने-माने ग्राहक धीरेश खरे(बिल्डर) ने बताया कि शहर की तमाम होटलों में भोजन करने के पश्चात जो मन को सुकून मिलता है जो स्वाद दिमाग में रचा बसा है उसमें सिर्फ होटल अरिहंत पैलेस का एक नाम अंकित है यह संस्कारधानी का गौरव है हम लोगों ने अरिहंत होटल से लगभग 25 वर्षों में भोजन के साथ साथ मधुर मांगलिक तथा अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया और इन सभी कार्यक्रमों में इस होटल की सेवा समर्पण और स्वाद सदैव उत्तम प्राप्त हुए। आज रजत जयंती के अवसर पर ग्राहकों की अपार भीड़ लगने का एक प्रमुख आकर्षण भी रहा कि आज 25व विशेष डिस्काउंट के साथ स्वाद में कुछ नए व्यंजन भी परोसे गए जिसका उत्सव आज सुबह से लेकर के मध्य रात्रि के 11:00 बजे तक चला ग्राहकों ने इस अवसर पर अपनी अनंत शुभकामनाएं होटल प्रबंधक को प्रेषित की।




## कैंसर जागरूकता अभियान

# होम साइंस कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण

जबलपुर। कैंसर जागरूकता अभियान स्वास्थ्य हिन्दुस्तान के तहत होम साइंस कॉलेज महाविद्यालय में होम साइंस कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन, अखिल भारतीय महिला परिषद ,रोटरी क्लब जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें तीन सौ छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया कैंसर जागरुकता पर डॉक्टर मालती भगत डॉक्टर चारु पाठक डॉक्टर अपरना परांजपे ने व्याख्यान दिया जिसमें कैंसर संबंधित वह विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। रोटरी अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी ने सर्वाइकल कैंसर रोकथाम हेतु वैक्सीन रोटरी क्लब जबलपुर से छात्राओं को फ्री में उपलब्ध कराने के लिए कहा। एलुमिनाई अध्यक्ष श्रीमती गीता शरत् तिवारी पूर्व प्राचार्य शशि बाला श्रीवास्तव रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा कैंसर पेशेंट लता गुप्ता का सम्मान किया गया कैंसर जागरूकता अभियान पर छात्रा जूही शुक्ला द्वारा गीत एवं प्रिया एयर बार दीप्ति आशा साहू शिवानी खुशी अंकिता कीर्ति पटेल द्वारा 2 लघु नाटिका आयी जिसमें नशीले पदार्थ से दूर रहने का संदेश दिया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शशि तिवारी ने किया कार्यक्रम में डॉक्टर कादंबिनी मिश्रा डॉक्टर नीतु सोनी प्रोफ़ेसर राजेंद्र कुमार मिश्रा प्रोफ़ेसर प्रीति मिश्रा प्रोफ़ेसर राधा रानी शर्मा डॉक्टर रिचर्डसन कोहली डॉक्टर बदलता दुबे डॉक्टर गीता शुक्ला डॉक्टर साधना केशरवानी का विशेष सहयोग रहा आभार प्रदर्शन प्रोफ़ेसर शशि बाला श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### स्मार्ट सिटी के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य

## अल्प समय के लिए बंद रहेगा मार्ग

जबलपुर। जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक विकास के कार्य किये जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ एवं सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी के चिन्हित क्षेत्रों में विकास के कार्य तेज गति के साथ कराए जा रहे हैं एवं इन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों की नियमित रूप से निगरानी भी कर रहे हैं। प्रचलित निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए शहर के विभिन्न भागों में मुख्य मार्गों एवं पहुंच मार्गो से आवागमन अल्प समय के लिए निर्माण कार्यो की सुविधाओं एवं सुरक्षा उपायों को देखते हुए बंद किया जा रहा है।

## किडनी देने का ऐसा पहला मामला !

# परिवार से कोई डोनर नहीं मिला तो जबलपुर के दोस्त ने दी किडनी

*जबलपुर। सही कहते हैं खून के रिश्ते से कम नहीं होता दोस्ती का रिश्ता। भोपाल में ऐसे ही दो दोस्तों की कहानी सामने आई है, जिसमें अपनी दोनों किडनी खो चुके भोपाल के एक शख्स को उसके जबलपुर के दोस्त ने अपनी किडनी डोनेट कर नया जीवन दिया है। खून का रिश्ता नहीं था, इसलिए किडनी डोनेट करने में उसके सामने कई कानूनी अड़चनें आई, लेकिन सारे नियमों को पार कर उसने हाईकोर्ट की शरण ली।कोर्ट में मिन्नतें की कि मेरे दोस्त की कुछ दिन की जिंदगी बची है। कोई खून के रिश्ते में डोनर नहीं मिल रहा है। अपने भाई जैसे दोस्त को मैं अपनी किडनी देना चाहता हूं। कृपया इजाजत दीजिए। कोर्ट ने मानवीय आधार पर ट्रांसप्लांट की अनुमति दी। साथ ही ट्रांसप्लांट सेंटर के संचालकों को एक महीने के भीतर इसकी सूचना कोर्ट को देने के निर्देश दिए। तब जाकर व्यक्ति का ट्रांसप्लांट हो सका। जब पुष्पेंद्र ने कहा- आप मेरे




लिए भाई से बढ़कर हो, मैं किडनी दूंगा, यह मेरे लिए चमत्कार से कम नहीं था: सतीश* ये कहानी है अशोका गार्डन के सतीश नायक (55) और जबलपुर निवासी पुष्पेंद्र बच्छ (33) की। सतीश को शुगर और बीपी की शिकायत थी। तबीयत लगातार बिगड़ने लगी तो नायक गुजरात के एक अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे। वहां राहत नहीं मिली, तो किसी ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी। मुंबई में जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें डायलिसिस कराने की सलाह दी।15 दिसम्बर 2020 से सप्ताह में दो दिन उनका डायलिसिस शुरू हुआ, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। मुंबई के एक डॉक्टर ने उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी। सतीश के परिवार वालों ने किडनी देने की इच्छा जताई, लेकिन उन्हें शुगर, बीपी के मरीज होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें मना कर दया। एक दिन अचानक दोस्त पुष्पेंद्र बच्छ का उनके पास फोन आया।खराब तबीयत का मालूम पड़ा तो पुष्पेंद्र ने कहा कि सतीश भाई आप मेरे लिए भाई से बढ़कर हो, मैं तुम्हें किडनी दूंगा। सतीश के लिए यह चमत्कार से कम नहीं था। वे भोपाल के सिद्धांता रेड क्रॉस हॉस्पिटल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि डोनर से खून का रिश्ता होना चाहिए। निराश होकर वे जीएमसी की ट्रांसप्लांट डोनेशन कमेटी के पास पहुंचे।वहां भी उन्हें अनुमति नहीं मिली। थक-हारकर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने जीएमसी और सिद्धांता रेड क्रॉस को निर्देश दिए थे कि मरीज की किडनी ट्रांसप्लांट करें। जीएमसी की कमेटी ने डोनर और पीड़ित दोनों को बुलाया, लेकिन सवालों के जवाबों से संतुष्ट नहीं होने पर एनओसी देने से मना कर दिया। सिद्धांता रेडक्रॉस ने भी एनओसी नहीं दी। वे दोबारा हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और दोबारा सिद्धांता निर्देश दिए कि एक महीने के भीतर किडनी ट्रांसप्लांट कर कोर्ट को अवगत कराएं। इसके ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी हुई।

### नियम आड़े आए तो हाईकोर्ट तक लड़ी लड़ाई



# जगतगुरु श्री श्री शंकर भारती का भव्य स्वागत

## नर्मदा महाआरती में हुए सम्मलित

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर पधारे श्रृंगेरी (कर्नाटक ) श्री योगा नंदेश्वर उपपीठ मैसूर के पीठाधीश्वर जगत गुरु श्री श्री शंकर भारती महाराज का साकेत धाम ग्वारीघाट में स्वामी गिरिशानंद की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं शल्य चिकित्सक व नगर संयोजक डॉ.जितेंद्र जामदार ने जगतगुरु स्वामी शंकर भारती को कलश भेंट कर उनका स्वागत किया ।कार्यक्रम में प्रारंभिक द्वार से नर्मदा मंडल के मण्डल अध्यक्ष कौशल सूरी के मार्गदर्शन में अनेको युवाओं पुष्प वर्षा कर परम पूज्य जगद्गुरु जी का स्वागत किया। साकेत धाम आश्रम में पीतवस्त्र धारी बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया ।जगतद्गुरु श्री श्री शंकर भारती महाराज ने मां नर्मदा के पवित्र तट उमा घाट,ग्वारीघाट में मां नर्मदा की सांय आरती की और अपने उद्बोधन में उल्लेख किया कि आदि गुरु शंकराचार्य जी ने जो 72 कार्य किए थे उनका शुभारंभ भी मां नर्मदा के तट से ही प्रारंभ किया था । हम भी इसी परंपरा के प्रहरी है इसलिए संस्कारधानी पहुंचकर सर्वप्रथम मां नर्मदा को मैं प्रणाम करता हूं और आप सब के हृदय में विराजमान नारायण को भी मैं प्रणाम करता हूं । मां नर्मदा आरती के संयोजक पंडित ओंकार दुबे ने जगतगुरु के कर कमलों से को आरती प्रचलित कराई ।जगतगुरु श्री श्री शंकर भारती महाराज के संस्कृत भाषी उद्बोधन का वेदांत केसरी मुक्तानंदगिरी (अलबर ) ने हिंदी अनुवाद किया ।मां नर्मदा के पूजन व आरती में पूजनीय अखिलेश्वर आनंद गिरि जी महाराज, परम पूजनीय गिरिशानंद जी महाराज एवं संत भैया जी सरकार भी उपस्थित रहे। जगतगुरु जी का भव्य स्वागत डॉ जितेंद्र जामदार , रूपा राव,जामदार जी, संदीप जैन जी, नितिन भाटिया, कौशल सूरी, संजय यादव, अमर मिश्रा, मनीष दुबे, संजना नाहतकर, अमित पांडे, विक्रम परवार, अजय बघेल, रवि बर्मन, मोनी अग्रवाल 7आदि ने किया। जगतगुरु श्री श्री शंकर भारती महाराज 4:00 बजे साकेत धाम में अपने प्रवचन में भगवतपाद आचार्य शंकर प्रणीत सौंदर्य लहरी का लोक वाचन करेंगे ।

# ईसाईयों पर अत्याचार की कड़ी निंदा

**जबलपुर।** सर्व ईसाई महासभा जबलपुर की बैठक गत दिवस आयोजित की गई ,जिसमे जिला अध्यक्ष शान कुमार ने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन के विस्तार हेतु चर्चाये की और प्रदेश में ईसाइयो पर हो रहे अत्याचार, सताव ईसाई धर्मगुरुओ से मारपीट एवं ईसाई पर हो रहे झूठे धर्मांतरणों के मामलों की कड़ी निंदा की और साथ ही साथ अगर प्रदेश में कट्टरपन्ति विचार धाराओं के द्वारा किये जा रहे हमलों - मारपीट के मामलों के विरुद्ध प्रशासन अगर कार्यवाही नहीं करते है उन्हें कोर्ट जाना पड़ेगा अध्यक्ष ने कहा ईसाई समाज एक शान्ति प्रिय समाज है जो देश की विकास उन्नति में शिक्षा स्वास्थ अनाथाश्रमों की सेवा से अपनी एक अलग योग्यदान देता आ



रहा है । इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस , प्रदेश संघठन मंत्री विनोद चैंबर्स , अध्यक्ष शान कुमार , जिला संयोजक पा. अभिषेक सेमुएल , सचिव डेन्जिल आंग्रे, उपाध्यक्ष पा वैभव जोशुआ , पा स्टैनली सुकुमार , रेजीनॉल्ड जेकब , भावना शर्मा , प्रभाकर चक्रे , विकास डेविड , राहुल चौधरी , मेशक चौधरी , शिमोन सागर आदि उपस्थित रहे।

### आल इंडिया बार काउंसिल के चेयरमैन मनन मिश्रा का स्वागत

जबलपुर। आल इंडिया बार काउंसिल के चेयरमैन श्री मनन मिश्रा जी के जबलपुर आगमन हुआ उनके लगातार 6 वी बार चेयरमैन के पद पर निर्वाचित होने पर स्टेट बार काउंसिल में उनका स्वागत संजय वर्मा तरुण रोहितास द्वारा किया गया एव अधिवक्ताओ की कल्याणकारी योजनाओं एव प्रोटेक्शन एक्ट सहित हाईकोर्ट बार चुनाव के सम्बंध में चर्चा की।

















# आईओएफएस एसोसिएशन की वेबसाइट लांच

**जबलपुर यशभारत ।आयुध निर्माणी बोर्ड के कॉरपोरेशन बनने एवं सात नए कारपोरेशन बनने के पश्चात भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के अधिकारियों को अस्थाई प्रतिनियुक्ति पर रखा गया है। इस स्थिति में इन अधिकारियों के कुछ ऐसे मुद्दे सामने आए जो अधिकारियों की चिंता का विषय बन गए। कुछ मुद्दों का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया परंतु कुछ मुद्दे अभी भी अनसुलझे बने हुए हैं ।इनमें सेवा शर्तों तथा भारत सरकार की अन्य सेवाओं के ग्रुप ए अधिकारियों के साथ समानता का मुद्दा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।**



भारतीय आयुध निर्माणी सेवा ग्रुप ए एक संगठित सेवा है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 में दिए गए प्रावधान के अंतर्गत प्रारंभ की गई थी। यह सेवा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन गठित की गई थी तथा इसके नियंत्रण का प्राधिकार रक्षा मंत्रालय रक्षा उत्पादन मंत्रालय के पास था। यह सेवा सर्वप्रथम 1935 में ब्रिटिश औपनिवेशिक समय में प्रारंभ की गई थी। तत्पश्चात वर्ष 1954 में इसे भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के रूप में पुनर्गठित किया गया। इस सेवा में प्रवेश इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा तथा यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। यूपीएससी के माध्यम से कुछ विशेषज्ञों की भर्ती भी की जाती है। आईओएफएस भारत सरकार का ऐसा ग्रुप ए कैडर है जिनके ऊपर विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां हैं। इनमें मानव संसाधन प्रबंधन प्रशासन तथा खरीद एवं उत्पादन शामिल है। वर्ष 2021 में स्टॉकहोम इंस्टिट्यूट पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयुध निर्माणी बोर्ड को विश्व के 100 शीर्ष रक्षा उत्पादन कर्ताओं में शामिल किया गया था। अत: भारतीय आयुध निर्माणी सेवा ऑफिसर्स एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी ने विभिन्न मुद्दों तथा समय की मांग को दृष्टिगत रखते हुए पूरे कैडर को एकजुट करने तथा कैडर हेतु एक साझा मंच उपलब्ध कराने के लिए वेबसाइट का शुभारंभ किया है। इस वेबसाइट का अनावरण तोप गाड़ी निर्माणी, जबलपुर के पूर्व महाप्रबंधक एसपी यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर शहर की सभी आयुध निर्माणियों महाप्रबंधक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर देश की 41 आयुध निर्माणियों के 1400 से अधिक अधिकारी वर्चुअली इस समारोह में शामिल हुए ।समारोह मिशमिंदर शर्मा सचिव वीके सिंह संयुक्त महाप्रबंधक तथा सदस्य /गवर्निंग बॉडी एवं सौरभ अग्रवाल, कार्य प्रबंधक तथा अंकित द्विवेदी कार्य प्रबंधक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# अधारताल आदिवासी छात्रावास की दीवार गिरी- जर्जर आवासों को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल आदिवासी छात्रावास में एक बड़ी घटना होने से बच गई। छात्रावास बाउंड्री की दीवार अचानक से गिर गई जिसके बाद भगदड़ का माहौल निर्मित हो गए। इसके कुछ देर बाद छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने जमकर हंगामा मचाया। विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि छात्रावासों की बुरी स्थिति है, भवन जर्जर है,मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जिम्मेदार अधिकारियों को अनेक बार समस्याओं से अवगत कराया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। छात्रों का कहना था कि बाउंड्री बाल की दीवार गिरने से आज एक बड़ा हादसा टल गया इससे पहले भी छात्रावास में इस तरह की घटना हो चुकी है। छात्रों ने जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए गेट के सामने बैठकर धरना शुरू कर दिया है। छात्रों का कहना है कि जब तक कलेक्टर आकर आश्वासन नहीं देंगे तब तक धरना जारी रहेगा।

# पमरे में 53086 रेल कर्मियों का शत-प्रतिशत दोनों डोज टीकाकरण हुआ

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल अपने रेल कर्मियों एवं परिवार के बच्चों को तीसरी लहर के कोविड संक्रमण से बचाने के प्रति सतर्क और सजग है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद पश्चिम मध्य रेल के कार्मिक एवं स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक लोंगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया है।

पमरे इस टीकाकरण अभियान को जागरूक करते हुए कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए पहले तीनों मण्डलों, कारखानों तथा मुख्यालय के संबंधित स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है और स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम ने टीकाकरण कार्यक्रम को व्यापक पैमाने पर चला कर इस अभियान मे सफलता हासिल कर ली है । पश्चिम मध्य रेल में 53563 रेल कर्मचारियों का पहला डोज टीकाकरण हो चुका है। इसके अलावा रेल कर्मचारियों के परिजनों और अन्य गैर रेलवे व्यक्तियों का भी टीकाकरण रेलवे अस्पतालों में हो रहा है। जिसमें पमरे मुख्यालय में 1391 रेल कर्मचारियों को अर्थात 99.64 प्रतिशत, जबलपुर मण्डल में 19009 रेल कर्मचारियों अर्थात 99.78 प्रतिशत, भोपाल मण्डल 15353 रेल कर्मचारियों अर्थात 99.93 प्रतिशत, सीआरडब्लूएस कारखाना भोपाल में 1965 रेल कर्मचारियों अर्थात 99.93 प्रतिशत एवं कोटा मण्डल 13571 रेल कर्मचारियों अर्थात 99.96 प्रतिशत, डब्लूसीआरएस कारखाना कोटा में 2274 रेलकर्मियों अर्थात 100 प्रतिशत लोंगों का टीकाकरण हुआ। इस प्रकार पमरे में 53563 रेलकर्मियों का प्रथम डोज शत-प्रतिशत टीकाकरण पूरा हुआ। इसके अलावा पमरे में 53086 रेल कर्मियों अर्थात 99 प्रतिशत द्वितीय डोज पूरा हो चुका है। पमरे के इस कोविड टीकाकरण अभियान में रेलवे परिवार के 15 से 18 वर्ष के बच्चों का भी टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रथम डोज पमरे मुख्यालय में 262 बच्चों को अर्थात 80.12 प्रतिशत, जबलपुर मण्डल में 815 बच्चों अर्थात 25.21 प्रतिशत, भोपाल मण्डल 1195 बच्चों अर्थात 46.68 प्रतिशत, सीआरडब्लूएस कारखाना भोपाल में 221बच्चों अर्थात 77.54 प्रतिशत एवं कोटा मण्डल 331 बच्चों अर्थात 11.30 प्रतिशत, डब्लूसीआरएस कारखाना कोटा में 408 बच्चों अर्थात 93.79 प्रतिशत लोंगों का टीकाकरण हुआ। इस प्रकार पमरे में कुल 3232 बच्चों का प्रथम डोज 32.79 प्रतिशत टीकाकरण पूरा हुआ। इसके साथ ही पमरे में 207 बच्चों का अर्थात 30.15 प्रतिशत द्वितीय डोज पूरा हो चुका है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में तीनों मण्डलों के रेलवे चिकित्सालय की स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम तथा रेलवे यूनियन, संघ आदि विभिन्न रेलवे संगठनों के सहयोग से रेलवे में वैक्सीनेशन के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं । इस टीकाकरण अभियान में सभी स्वास्थ्य इकाइयों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है जिससे द्वितीय डोज भी शत-प्रतिशत लोंगों का वेक्सिनेशन पूरा हो जाय । पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने मुख्यालय एवं मण्डलों के सभी रेल कर्मियों तथा उनके परिवार से अनुरोध किया है कि तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए वह संक्रमण से अपने को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन का टीका अवश्य लगाएं यह आपके जीवन रक्षा के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस टीकाकरण के सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग के जो कोविड समन्वयक है, उनके द्वारा किये गए प्रयासों की सराहना की साथ ही साथ राज्य एवं जिला प्रशासनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

# वेलेंटाइन-डे पर पुलिस का सख्त पहरा



**जबलपुर, यशभारत।** प्यार का इजहार के प्रतीक वेलेंटाइन-डे को लेकर आज सोमवार को शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पार्क और दूसरे सार्वजनिक स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। शहर में पेट्रोलिंग पार्टियों की संख्या भी बढ़ाई गई थी। सार्वजनिक तौर पर कहीं भी कोई वेलेंटाइन डे के किसी आयोजन में शामिल होता भी नजर नहीं आ रहा है। सामान्य दिनों की तरह पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही लगी हुई है। पुलिस की ओर से पूरी सख्ती बरती गई जा रही है। साथ मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर है। जिसके चलते कॉलेज और स्कूलों के पास विशेष नजर रखी जा रही है।

# नशा मुक्ति के संकल्प के साथ सुहागले पूजन हुआ



## किन्नर संतो ने गोद भराई का दिया आशिर्वाद

जबलपुर। हरे कृष्ण आश्रम भेराघाट में निहसुलक चल रहे माघमास कल्प वास के 28 वे दिन 5000 माताओं की सुहगले एवं गोद भराई सवामी ज्ञानेश्वरी दीदी मैत्री दीदी हीरा दीदी मंगला मुखी समाज कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी कशिश चौहान की मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ परिचय शरद अग्रवाल ने कराया पूजय ज्ञानेश्वरी दीदी ने सही माताओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया बताया कि तमाखू खाने से क्या नुकसान होता है सभी महिलाओं ने हाथ उठाकर सहमति दी शादी के बाद जिन बहनो के मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है उनकी झोली किन्नर संतो द्वारा भरी गई जिसमें हर समाज वर्ग की माताएं ,बहनें उपस्तिथ थीं। आश्रम के द्वारा सभी माताओं बहनों को गुड़ चना पान चूड़ी सिंदूर बिंदी माहुर काजल आदि सुहागले का सामान दिया गया इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिवसंकर पटेल मनमोहन दुबे पप्पु चौबे श्याम मनोहर पटेल आदि उपस्थित थे।

# रंगबिरंगे फेस मास्क में जमकर थिरके कदम वेलेंटाइन डे मनाया



**जबलपुर** । हैप्पी क्लब द्वारा वेलेंटाइन डे का सेलीब्रेशन रेड ड्रेस थीम और फेस मास्क के साथ होटल मिड टाउन में किया गया । जिसमें महिलाओं एवं युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है कार्यक्रम के शुरूआत में पेपर कपल डांस किया गया और साथ ही सोलो सिंगिंग अपने मनपसंद नए पुराने गीत गाए । रंगबिरंगे फेस मास्क में सभी रेड ड्रेस के साथ नए लुक में नजर आए इसके चलते ग्रुप और सेल्फ सेल्फी का माहौल बन गया इसके बाद सभी के जमकर थिरके कदम और पुष्पा के गीतों के साथ नागिन डांस और मोहब्बत के गानों में सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया । इस अवसर पर रजनी, तरन, मिताली, अरूणिका, संगीता, कृति, मीना, ज्योत्सना, सुनीता, रिंकी, सृष्टि, सुषमा साही, आदि मौजूद रही ।

# परिजनों से बिछड़ीं दो किशोरियां

**जबलपुर एस भारत।** पटना से चलकर बेंगलुरु जाने वाली संघमित्रा एक्सप्रेस में अपने परिजनों के साथ यात्रा कर रही दो किशोरी कटनी स्टेशन में अपने परिजनों से बिछड़ गई जो जबलपुर पहुंची आरपीएफ को इस मामले की सूचना मिलने पर सुरक्षा की दृष्टि से दोनों को पोस्ट लाया गया जहां पर दोनों किशोरियों से पूछताछ की जा रही है/इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संघमित्रा एक्सप्रेस में किशोरियां अपने मम्मी पापा के साथ बेंगलुरु की यात्रा कर रही थी आज सुबह ट्रेन कटनी स्टेशन पहुंची जहां पर भीड़ के चलते दोनों की किशोरी अपने परिजनों से बिछड़ गई और ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना होगी रास्ते में टीटी ने पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह अपने मम्मी पापा से बिछड़ गई है टीटी द्वारा इस मामले की सूचना आरपीएफ को दी गई जिसके बाद दोनों को सहानुभूति पूर्वक आरपीएफ पोस्ट लाकर पूछताछ की जा रही है।

# मोबाइल लेकर फरार हुए ऑटो चालक को दबोचा

## जार्ज कराने लिया था यात्री का 12 हजार का मोबाइल

जबलपुर, यशभारत। थाना प्रभारी सिविल अंतर्गत एक यात्री का मोबाइल लेकर फरार हुए ऑटो चालक को पुलिस ने दबोचा है। जो यात्री के नीचे उतरते ही उसका चार्ज करने लिया, मोबाइल लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अनिरूद्ध प्रसाद 62 वर्ष निवासी विजय इन्क्लेव नई दिल्ली ने पुलिस को बताया कि वह रिटायर्ड प्रोफेसर है। 9 फरवरी 2022 की रात भेड़ाघाट से आकर दीनदयाल बस स्टेण्ड में उतर कर रेल्वे स्टेशन जबलपुर के लिये ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर 8743 में आ रहा था । तभी ऑटो वाले ने लगभग डेढ़ घंटे शहर में घुमाता रहा फिर उसका मोबाइल डिस्चार्ज हो गया था। उसने आटो वाले से कहा कि उसका मोबाइल चार्ज करा दो । तब आटो वाले ने कहा कि 40 रूपये लगेंगे उसने कहा कि ठीक है । इसके बाद मोबाईल आटो वाले को दे दिया, आटो वाले ने कहीं उसका मोबाईल चार्ज नहीं कराया , जैसे ही जबलपुर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म न. 6 के बाहर पहुंचे आटो वाला उससे किराये के 600 रूपये मांगने लगा । उसने कहा कि पैसे देता हूँ वह जैसे ही आटो से उतरा तभी आटो वाला उसका मोबाईल लेकर भाग गया। उसका मोबाईल लेनेवो कम्पनी का कीमती 12 हजार रूपये का था। इसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए प्लेटफार्म न. 6 के पास आटो क्रमांक एमपी 20 आर 8743 को पकड़ा।

# तीन आरोपियों ने युवक को घसीट-घसीट कर मारा

रांझी थाना अंतगत देशी कलारी के पास दरमियानी रात तीन अज्ञात आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए एक युवक को घसीट-घसीट कर मारा। जब आसपास के लोग युवक को बचाने दौड़े, तब कहीं जाकर तीनों युवक को छोड़कर भागे। तीन शराब के नशे में धुत्त थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अनुज गुप्ता पिता संतोष गुप्ता उम्र 17 वर्ष, शंकर घी भंडार थाना लार्डगंज का निवासी है। पीड़ित ने पुलिस के बताया कि रात को देशी कलारी के पास तीन युवक गालीगलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो तीनों ने मारपीट शुरु कर दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बचाया। जिसके बाद तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# रेलवे प्लेटफार्म में चाकू लेकर खड़े युवक को पुलिस ने दबोचा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत पुलिस ने एक आरोपी को रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक 1 में चाकू के साथ दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी यहां किसी का इंतजार कर रहा था, लेकिन वारदात होने के पहले ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि विपिन यादव पिता जगदीश यादव कुंडम रोड थाना खमरिया का निवासी है। जो दरमियानी रात चाकू लेकर रेलवे प्लेटफार्म में खड़ा था। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया। पकड़ा गया आरोपी यहां किसी यात्री का इंतजार कर रहा था, ताकि वह वारदात को अंजाम देकर भीड़ का फायदा उठाकर, मौके से फरार हो सके। पुलिस आरोपी का पूर्व का रिकॉर्ड खंगाल रही है।

# स्वामी दयानंद सरस्वती की जयन्ती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार ,हवन ,पूजन



**जबलपुर।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है , वहीं नेशनल योगासना स्पोर्ट्स फेडरेशन,पतंजलि योग पीठ ,हार्टफुलनेश ,क्रीड़ा भारती और गीता संस्थान के सौजन्य से स्वामी रामदेव महाराज, हृङ्क्स्न्न के अध्यक्ष उदित सेठ ,महासचिव डॉ जयदीप आर्या ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कराने का संकल्प लिया जो कि समय पूर्व पूर्ण हो गई । वर्तमान में 100 करोड़ से ऊपर सूर्य नमस्कार पूर्ण हो चुके । इसी कड़ी में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयन्ती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार ,हवन ,पूजन का कार्यक्रम सम्पूर्ण राष्ट्र में आयोजित किया गया इसी कड़ी में आज जबलपुर डिस्ट्रिक योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशन द्वारा सूर्य नमस्कार कर उनको नमन करते हुए सभी योगियों द्वारा उनके आदर्शों को आत्मसाद करने का संकल्प लिया। उक्त कर्यक्रम मध्यप्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशनके अध्यक्ष सेवा निवृत्त आई पी एस वेदप्रकाश शर्मा और मध्यप्रदेश आई वाय ए स्टेट चेप्टर की चेयरमेन पुष्पांजली शर्मा के मार्गदर्शन में जबलपुर पंडित रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में महाकोशल क्रीड़ा परिसर के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा ,मध्यप्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशन के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर,संभागीय प्रभारी सागर, जबलपुर विवेक पाठक , एम पी वाय एस ए के सदस्य राम किशोर सोनी,जबलपुर डिस्ट्रिक योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशन के उपाध्यक्ष नागेश राव, कोषाध्यक्ष रुक्मणी राव,सह सचिव आशीष रैकवार, संभाग प्रभारी शहडोल शिवम गुप्ता, सदस्य श्रीमती शुभावती मौर्य, संदीप यादव,पंखुरी तनेजा,नीलम सिंह,निधि साहू ,मैलविन पोर्टर, मोनिका रचेल,सुश्री महिमा अग्रवाल पतञ्जलि योगपीठ की रश्मि चौधरी , कीर्ति बरसैंयाँ ,सोमधर कुशवाहा ,निश्चित पांडे और योग्या दत्ता की उपस्थिति में किया गया ।

# स्वतंत्रता सेनानियों की रचनाओं का पाठ

**जबलपुर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में 12 फरवरी को साहित्यकार स्वतंत्रता सेनानियों पर केंद्रित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निमिष आथा तथा नीरू बेन उपस्थित रहे।**





विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शरद चंद्र पालन तथा सारस्वत अतिथि के रूप में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती वंदना पालन जी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदमंत्रो के उच्चारण से सरस्वती पूजन संपन्न हुआ। आयोजन में स्वतंत्रता सेनानी साहित्यकार पंडित बालमुकुंद त्रिपाठी, माखनलाल चतुर्वेदी, रामप्रसाद बिस्मिल, सुभद्रा कुमारी चौहान, माखनलाल चतुर्वेदी, सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं का पाठ महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने किया साहित्यकार स्वतंत्रता सेनानी की कविताओं का पाठ अमन चौधरी, करिश्मा अग्रवाल, करण तिवारी, प्रिया नामदेव, प्राची सोनी, प्रियांक पटेल, दीपक, आदर्श ठाकुर तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमति राधा झारिया, मनोज चौरसिया, सुश्री श्रुति शुक्ला तथा मीनाक्षी लोधी ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर अभिमन्यु जैन, यू एस दुबे, प्रभात दुबे, डॉ शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ गंगाधर त्रिपाठी, डॉ अंजली शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, तरुण मिश्रा, प्रशांत पाठक, डेनियल पटेल, चंद्र कुमार चौबे, देवेंद्र कुशवाहा, सुश्री दिव्या विश्वकर्मा, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र सिंह तथा आनंद रैकवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने तथा आभार अजय मिश्रा द्वारा ज्ञापित किया गया।

# कल कांग्रेस करेगी शक्ति भवन का घेराव

## कोरोना काल के बिजली बिल से युवा कांग्रेस आक्रोशित

**जबलपुर यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने घोषणा की थी कि आम जनता को राहत देने के लिए कोरोना काल के बिल माफ कर दिये जायेंगे ।लेकिन उन्होंने वादाखिलाफी कर जनता को ठग रहे हैं ।इससे युवा कांग्रेस आक्रोशित है ।वादाखिलाफी से आक्रोशित युवा कांग्रेस ने कल15फरवरी को शक्ति भवन के घेराव करने की घोषणा की है। पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष सचिन बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया है कि कोरोना काल में आमजनों के जो बिजली के बिल माफ करने की घोषणा शिवराज सरकार ने की थी। आज वही बिजली बिल को सरचार्ज लगाकर भेजे जा रहे हैं जिसमें गरीब एवं मध्यम वर्ग के नागरिकों को आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा है। उसी के विरोध में युवा कांग्रेस 15 फरवरी को शक्ति भवन (एम.पी.ई.बी.) रामपुर में घेराव करेगी। उसी श्रृंखला में गत दिवस युवा कांग्रेस की एक बैठक पश्चिम विधानसभा विधायक कार्यालय आनंद कुंज गढ़ा आयोजित हुई। जिसमें आगामी प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनी एवं अधिक से अधिक संख्या में युवा इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो समस्त युवा कांग्रेस के साथ 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे गौतम मढ़िया पर एकत्रित होकर रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुँचेगे। बैठक में सचिन बाजपेयी, सलिल चौकसे संजय राठौर श्रेष्ठ ठाकुर अभिषेक पाण्डे राहुल लोधी नितिन सिंह गौरव मिश्रा रोहित सिंगरहा कदीम खान मोहित प्यासी लकी ठाकुर शिवम सैनी संजू पटेल संतोष गोटिया उमेश अवस्थी रवि केवट अमूल अहिरवार, गुड्डू बाल्मिकी, विक्रम सिंह, अमित विश्वकर्मा एवं जगदम्बा ताम्रकार आदि ब ?ी संख्या में उपस्थित थे।



# किसानों को ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा अनुदान

## नई व्यवस्था, कृषि के क्षेत्र में शिवराज सरकार करने जा रही एक और नवाचार

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। कृषि उपकरणों पर दिया जाने वाला अनुदान अब ई-रुपी के माध्यम से मिलेगा। प्रकरण स्वीकृत होने के बाद किसान के नाम पर ई-रुपी वाउचर जारी होगा। इसे दिखाकर वह अधिकृत उपकरण विक्रेता से अपनी पसंद के उपकरण लेगा। उपकरण के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसान को मोबाइल फोन पर ओटीपी भेजा जाएगा। जैसे ही वह सहमति देगा, उपकरण निर्माता कंपनी को भुगतान हो जाएगा। इस व्यवस्था से न तो डीलर को भुगतान के लिए जिला कार्यालय के चर लगाने पड़ेंगे और न ही किसान को कोई परेशानी होगी। यह व्यवस्था अप्रैल 2022 से लागू करने की तैयारी है।

सरकार प्रतिवर्ष किसानों को उपकरण खरीदने पर सौ करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देती है। केंद्र सरकार ने विभिन्न् योजनाओं में ई-रुपी योजना लागू करने के निर्देश सभी राज्यों को दिए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर वित्त विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखकर इसे लागू करने के लिए कहा था। कृषि विभाग ने पहल करते हुए कृषि उपकरण पर दिए जाने वाले अनुदान को ई-रुपी वाउचर के माध्यम से देने का निर्णय लिया है।

### मिलीभगत के आरोप न लगें और पारदर्शिता रहे

संचालक कृषि अभियांत्रिकी राजीव चौधरी ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था में किसान आवेदन करता है। लाटरी के माध्यम से चयन होने के बाद क्रय स्वीकृति आदेश जारी होते हैं। किसान विभाग के पोर्टल पर दर्ज पंजीकृत डीलर से संपर्क करके उपकरण पसंद करता है। दर का निर्धारण वह स्वयं डीलर से मोल-भाव करके करता है। दरअसल, मिलीभगत के आरोप न लगें और पारदर्शिता रहे, इसके लिए सरकार ने यह नीति बनाई है कि वह अपने स्तर से उपकरण की कीमत तय नहीं करेगी। अधिकतम अनुदान की दर जरूर शासन स्तर से तय की जाती है। अनुदान की राशि का भुगतान किसान और डीलर को न करके सीधे निर्माताको कियाजाता है।




### इन उपकरणों के लिए दिया जाता है अनुदान

थ्रेशर, सीड ड्रिल (बोवनी के उपयोग में आने वाली मशीन), कम्बाइन हार्वेस्टर, स्ट्रा रीपर (खेत में बचे डंठल को भूसा बनाने की मशीन), रोटावेटर, राइस ट्रांसप्लांटर, प्लाऊ (गहरी जुताई कर मिट्टी को पलटने वाला यंत्र), ट्रैक्टर-ट्राली, उड़ावनी मशीन, कल्टीवेटर (खेती जुताई यंत्र), स्प्रेयर सहित अन्य।

**नई व्यवस्था में किसान के नाम से ई-रुपी वाउचर जारी किया जाएगा। भुगतान तभी होगा, जब उपकरण लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। - अजीत केसरी, अपर मुख्य सचिव कृषि**

# अप्रैल में आंदोलन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दो लाख 85 हजार शिक्षक, डेढ़ लाख संविदाकर्मी और 48 हजार स्थायीकर्मी अंशदाई पेंशन नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस)' के खिलाफ हैं और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर पिछले डेढ़ साल से आंदोलन कर रहे हैं। जब सरकार ने मांग पर ध्यान नहीं दिया, तो शिक्षकों ने मनोकामना यात्रा निकाली। इसका समापन 25 दिसंबर 2021 को भोपाल में होना था, पर सरकार ने सख्ती से इसे रोक दिया। इससे शिक्षकों की नाराजगी बढ़ गई और अब वे अप्रैल में बड़े आंदोलन की तैयारी जुट गए हैं। जिलों में बैठकों को दौर शुरू हो चुका है। शिक्षकों ने तय किया है कि इस बार अनुनय-विनय नहीं, ताल ठोंककर मैदान में उतरेंगे।

## दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने चयन कैंप में दिखाया अपना कौशल



**भोपाल ।** राजधानी के बरकतउल्ला खेल मैदान पर रविवार से मप्र की दृटिबाधित क्रिकेट टीम का कैंप प्रारंभ हो गया है। इसमें प्रदेश की 60 खिलाड़ी भाग ले रही है। इसी कैंप के आधार पर मध्य प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा। इस दस दिवसीय कैंप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 14 खिलाड़ियों का चयन मध्य टीम में किया जाएगा। चयनित टीम बेंगलुरु में 28 फरवरी से पांच मार्च तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। क्रिकेट एसोसिएशन फार ब्लाइंड इन मध्य प्रदेश द्वारा यह कैंप आयोजित किया जा रहा है। रविवार को कैंप का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सोनू गोलकर ने महिला ब्लाइंड क्रिकेट की कार्य योजना का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## वाटर प्लस की दावेदारी पुख्ता करने एसटीपी का पानी एयरफोर्स को देंगे



**ग्वालियर ।** नगर निगम इस बार वाटर प्लस की तैयारी जोर शोर से कर रहा है। वाटर प्लस में सबसे महत्वपूर्ण घटक है सीवेज से निकले पानी का पुन: उपयोग (रीयूज) करना। पिछली बार एसटीपी से निकले पानी का उपयोग नहीं दिखा पाने के कारण ग्वालियर वाटर प्लस में आने से चूक गया था। इसके चलते नगर निगम ने इस बार एयरफोर्स से बात की है। एयरफोर्स के अधिकारियों से बात होने के बाद निगमायुक्त किशोर कान्याल ने आधिकारिक रूप से एयरफोर्स को पत्र लिखकर प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अधीक्षण यंत्री आरएलएस मौर्य को इस कार्य के लिए नियुक्त किया है। वहीं नगर निगम आयुक्त ने आर्मी के सीईओ से बात की है। साथ ही रेलवे स्टेशन की साफ सफाई के लिए भी सीवेज का साफ पानी देने की बात चल रही है।

## राज्य लोक सेवा आयोग से होगी 576 सहायक यंत्री की भर्ती, प्रस्ताव मांगा




**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में अभियंताओं (इंजीनियरों) के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए सरकार जल्द ही भर्ती परीक्षाएं आयोजित कराएगी। उपयंत्री के एक हजार 955 पद भरने के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) आयोजित करेगा। वहीं, सहायक यंत्री के 576 पदों के लिए परीक्षा मध्य प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) से ही कराई जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं ताकि आयोग को रिक्त पदों की जानकारी एक साथ भेजी जा सके। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से सामान्य (अनारक्षित), अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों की जानकारी भी मांगी है। सरकार अधोसंरचना विकास के कामों को गति देने की कार्ययोजना पर काम कर रही है। इसके लिए सभी विभागों से बजट प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है।

## जेपी अस्पताल में ओपीडी ब्लाक के ऊपर बनेंगे 100 बिस्तर के वार्ड



**भोपाल ।** जेपी अस्पताल में कम बिस्तर के चलते मरीजों को भर्ती करने में आने वाली दिक्कत दो साल में हल हो जाएगी। यहां ओपीडी ब्लाक के ऊपर 100 बिस्तर के वार्ड बनाने की मंजूरी शासन ने दी है। इसकी डिजाइन भी तैयार हो चुकी है। काम शुरू होने के बाद डेढ साल के भीतर वार्ड तैयार हो जाएंगे। यहां पर मेडिसिन और सर्जरी के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। मौजूदा ओपीडी ब्लाक दो मंजिला है। इसके ऊपर एक मंजिला में सौ बिस्तर के वार्ड तैयार किए जाएंगे। इस ब्लाक में अभी सभी विभागों की ओपीडी के अलावा पैथोलाजी लैब और डायलिसिस यूनिट है।

# मप्र बोर्ड परीक्षा में साल-दर-साल कम हो रही विद्यार्थियों की संख्या

## प्रदेश में 3861 केंद्रों पर करीब 17 लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से आयोजित की जा रही है। इसके लिए माशिम ने पूरी तैयारियां पूरी कर ली है। कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए इस बार 10 फीसद अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार प्रदेश में 3861 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इसमें 689 निजी स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं। इस साल प्रदेश भर में करीब 17 लाख 82 हजार 858 विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं पिछले साल 17 लाख 91 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। हर साल बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है। 2019 के मुकाबले करीब दो से ढ़ाई लाख विद्यार्थियों की संख्या कम हुई है। इस बार प्रदेश के अति संवेदनशील व संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसमें अति संवदेनशील 232, संवेदनशील 320 केंद्रों को चिन्हित किया गया है। इस बार एक कक्ष में एक बेंच-डेस्क में एक विद्यार्थी बैठेंगे। इस बार 20 विद्यार्थियों पर एक पर्यवेक्षक तैनात होगा। इन केंद्रों पर कैमरे लगवाएं जाएंगे और वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। अति संवेदनशील और संवेदनशील केंद्रों पर मंडल के उड़नदस्ते के अलावा स्थानीय स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ते भी सक्रिय रहेंगे। --सोमवार से थानों में पहुंचेंगे प्रश्नपत्रपरीक्षा के पेपर सोमवार से पुलिस के साये में राजधानी के थानों में पहुंचना शुरू होंगे। जिले में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्रश्न पत्र व गोपनीय सामग्री वितरण के लिए माडल हायर सेकंडरी स्कूल टीटीनगर से सोमवार को शुरू होगा। परीक्षा केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्षों ने प्रश्न पत्र व गोपनीय सामग्री लेकर पुलिस के साये में रवाना होंगे। परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में दो दिन में प्रश्न-पत्र व परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री पहुंचाई जाएगी।----इस तरह बोर्ड परीक्षा में हर साल कम हो रहे हैं विद्यार्थी 2022-17,82,8582021, 17,90,0002020, 17,91,5682019- 19,39,308--प्रदेश में कुल विद्यार्थियों की संख्या- 17,82,858दसवीं में विद्यार्थियों की संख्या- 10,66,791बारहवीं में विद्यार्थियों की संख्या-71,49,32बारहवीं में व्यावसायिक में विद्यार्थियों की संख्या-1135 प्रदेश में कुल परीक्षा केंद्र - 3861सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्र-3172निजी स्कूलों में परीक्षा केंद्र-689संवेदनशील केंद्रों की संख्या-287अति संवेदनशील केंद्रों की संख्या-357--भोपाल जिले में कुल परीक्षा केंद्र 104सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्र- 57निजी स्कूलों में परीक्षा केंद्र - 47संवेदनशील केंद्रों की संख्या-6अति संवेदनशील केंद्रों की संख्या-13--इन जिलों में 10 फीसद अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैंजिले सरकारी स्कूल निजी स्कूलछिंदवाड़ा-159 151 6इंदौर-146 65 81सागर-135 121 14बालाघाट- 132 125 7बैतूल-128 120 8जबलपुर-107 72 35भोपाल-104 57 47देवास-101 85 16कटनी-101 93 8खरगोन-100 88 12रीवा- 99 71 28धार-99 97 2सतना-96 77 19ग्वालियर-95 42 53



# शानदार अर्धशतक से कोरफिट मास्टर्स ने रेलवे मास्टर्स को हराया

**भोपाल ।** मोहनिश मिश्रा के शानदार अर्धशतक 92 रन से प्रथम कार्पोरेट वेटरन्स क्रिकेट टूर्नामेंट में कोरफिट मास्?टर्स ने रेलवे मास्?टर्स को 89 रनों से पराजित किया। हमीदिया स्?पोटर्स ने समर्थ डियूरोटेक को तीन विकेट पराजित किया।स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले कोरफिट मास्टर्स ने 195 रन बनाए इसमे मोहनीश मिश्रा ने 92, मोहसिन हसन ने 63 रनों की पारी खेली। रेलवे मास्टर्स की ओर से इक़बाल सिद्दकी, रविन्द्र, सादिक़ को एक एक सफलता मिली। जवाब में रेलवे मास्टर्स 16.3 ओवर में 106 रनों पर आउट हो गयी फुरकान ने सर्वाधिक 31 रन बनाए कपिल ने 15 रनों का योगदान दिया। कोरफिट मास्टर्स की ओर से बृजेश तोमर ने चार, विनोद हलवे और चेतन मेवाड़ा को दो दो विकेट लिए। मोहनीश मिश्रा मैन ऑफ द मैच रहे। इससे पहले खेले गए मुकाबले मे समर्थ डियूरोटेक ने 18 ओवर मे चार विकेट पर187 रन का विशाल स्?कोर खड़ा किया। इसमें समर्थ ने 57 और धनंजय ने 43 रन की पारी खेली। हमीदिया स्?पोटर्स के फिरदौस हसन ने तीन और जमरान ने एक विकेट लिए। जवाब में हमीदिया स्?पोटर्स ने ज़रूरी रन 17.3 ओवर में सात विकेट खो कर बना लिए। उसकी ओर से मुकेश उपाध्याय ने 78, जमरान 42 और रोहित ने 26 रन की पारी खेली। समर्थ की ओर से वीरेंदर ने तीन विकेट लिए। मुकेश उपाध्याय और जमरान सयुंक्त मैन ऑफ द मैच रहे। उन्हें वरिष्?ट क्रिकेटर हारिस रऊफ ने ट्रॉफी दी।

# जूनियर डॉक्टरों में बढ़ रहा असंतोष

## दो महीने से नहीं मिला स्टायपेंड



**भोपाल।** गांधी मेडिकल कालेज भोपाल समेत एमडी/एमएस और डिप्लोमा कोर्स संचालित करने वाले प्रदेश के सभी छह सरकारी मेडिकल कालेजों में जूनियर डाक्टरों को दिसंबर और जनवरी का स्टायपेंड नहीं मिला है। इस संबंध में जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और आयुक्त चिकित्सा शिक्षा निशांत वरवड़े को ज्ञापन दिया है। और देरी हुई तो जूनियर डाक्टर एक बार फिर आंदोलन की राह पर भी जा सकते हैं। हालांकि, ज्ञापन में जूडा ने आंदोलन का जिक्र नहीं किया है। जूडा भोपाल के अध्यक्ष डा. अमित टांडिया ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब स्टायपेंड मिलने में देरी हो रही है। हमेशा ही दो महीने बाद इसका भुगतान किया जा रहा है। नवंबर का स्टायपेंड जनवरी में मिला है। जूडा पदाधिकारियों ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने ज्ञापन लेते हुए कहा था कि बजट की कमी होने की वजह से स्टायपेंड मिलने में देरी हो रही है। इस दिक्कत को जल्द दूर कर लिया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलता है। सभी जगह मिलाकर पांच हजार जूनियर डाक्टर काम कर रहे हैं। जूनियर डाक्टरों ने पिछले साल स्टायपेंड में बढ़ोतरी को लेकर कई दिन तक आंदोलन किया था। उस दौरान भी इसके देरी से मिलने की मांग उठाई थी।

### कितना है स्टायपेंड (मासिक)

स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष-- 65 हजार रुपये
स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष-- 67 हजार रुपये
स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष-- 69 हजार रुपये
सुपर स्पेशियलिटी (सभी वर्ष)-- 69 हजार रुपये
सीनियर-रेसीडेंट- 76 हजार रुपये
जूनियर रेसीडेंट- 55 हजार रुपये



इंदौर। तिल्लौर खुर्द गांव के बुजुर्ग महिला-पुरुष किसानों को धोखे में रखकर उनकी करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के मामले में प्रशासन ने जमीन की रजिस्ट्री की जांच जिला पंजीयक को सौंपी है। पीड़ित किसानों का कहना है कि हमें धोखे में रखकर आम मुखत्यारनामा लिखवा लिया और जमीन दूसरों को बेच दी। पीड़ित किसानों ने एक सप्ताह पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में इसकी शिकायत की थी। तिल्लौर खुर्द के एक ही परिवार की बुजुर्ग महिला किसान चिंताबाई, कमलाबाई और जानकीलाल ने शिकायत की थी। उन्होंने

# बुजुर्ग भूस्वामियों को धोखा देकर जमीन की खरीदी

### अब होगी रजिस्ट्री की जांच

बताया कि इंदौर के सिल्वर स्प्रिंग कालोनी के रहवासी दीपक बामन ने वर्ष 2016 में हमें झांसा देकर जमीन की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया था। इसके लिए एक अनुबंध किया। अनुबंध के तहत हमने दीपक को बिहाड़िया गांव की तीन एकड़ जमीन 1 करोड़ 95 लाख रुपये में दी थी। बदले में दीपक ने उज्जैन जिले के आंवलिया गांव की 22.23 एकड़ जमीन को अपनी जमीन बताकर हमें 2 करोड़ 47 लाख 50 हजार रुपये में दी थी। इसमें जमीन के मूल्य के अंतर की 52.50 लाख रुपये की राशि दीपक को हमने नकद दी। एक साल बाद हमें पता चला कि दीपक ने आंवलिया गांव में हमें जो जमीन दी है, वह वास्तव में उसकी थी ही नहीं। वह जमीन राजेश पन्नालाल जोशी की थी। इस बीच अनुबंध के समय ही दीपक ने हमसे एक हजार रुपये के स्टाम्प पेपर पर पावर आफ अटार्नी लिखवा ली। बाद में इसी पावर आफ अटार्नी को जमीन की खरीदी-बिक्री की सहमति बताकर हमारी जमीन गीतेश चौहान, दिनेश पाटीदार, प्रभाकांत शर्मा, निवेदिता शर्मा, राजेश भट्ट, विष्णु मंडोवरा, अशोक कासलीवाल सहित कुछ कंपनियों को बेच दी।

# पिछड़ा वर्ग संगठन अब करेंगे कमल नाथ का अभिनंदन

**भोपाल ।** सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय पर मध्य प्रदेश में सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। भारतीय जनता पार्टी इसका श्रेय जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को देती है तो कांग्रेसी इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की पहल को निर्णायक बताते हैं। पिछड़ा वर्ग के संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का आभार जताने के बाद अब कुछ संगठन पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ का अभिनंदन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम 15 फरवरी को भोपाल के मानस भवन में होगा। पिछड़ा वर्ग चेतना मंच, पिछड़ा वर्ग विकास मोर्चा, ओबीसी महासभा, ओबीसी, अजा-अजजा संयुक्त मंच, साहू महासभा और लोधी किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने रविवार को पत्रकारवार्ता करके कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले वचन पत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की घोषणा की थी। सत्ता में आने पर सरकारी भर्तियों और प्रवेश परीक्षाओं में आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया। हाई कोर्ट में भी इस मामले को लेकर पक्ष रखा और सत्ता परिवर्तन के बाद भी आवाज उठाई। इसका ही परिणाम है कि सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कदम उठाना पड़ा।



### नाथ सरकार ने किया पिछड़ा वर्ग को 27 % आरक्षण देने का काम - धनोपिया

भोपाल के जहांगीराबाद स्थित एक शादी हाल में रविवार को दलित पिछड़ा समाज संगठन का जिला सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष जेपी धनोपिया ने कहा कि मप्र में पिछड़ों की आबादी 50 फीसद से अधिक है। इसके बाद भी पिछड़ा वर्ग के सामाजिक संगठन अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। प्रदेश में 2018 में जब कमल नाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण देने का काम किया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष दमोदर सिंह यादव ने कहा कि दलित एवं आदिवासी भाइयों की तरह पिछड़ा वर्ग को भी विधानसभा एवं लोकसभा में सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। इसके लिए हमारा संगठन भोपाल से लेकर दिल्ली तक आंदोलन छेड़ेगा।

# अडियल रवैया छोड़, सिहोरा को जिला बनाए सरकार

## उन्नीसवें रविवार भी जारी रहा आंदोलन

**सिहोरा**– सिहोरा को जिला बनाने की बात को लेकर विगत अक्टूबर माह से सिहोरा में अनेक प्रकार से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है परंतु सत्ता पक्ष के संगठन और सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया आज तक सामने नही आई ।सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के इस अ?ियल रवैये से सम्पूर्ण सिहोरा में आक्रोश पनप रहा है ।साथ आओ सिहोरा जिला बनाओ अभियान के तहत गाँव गाँव में भी सरकार के प्रति आक्रोश है।

विदित हो कि सिहोरा को जिला बनाने के लिए पिछले अक्टूबर 2021 से निरंतर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।इस दौरान सिहोरा को जिला बनाने हेतु संघर्षरत आंदोलनकारियों ने खून के दिये जलाए,खून से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखा ।साथ ही सिहोरा जिला सिहोरावासियों की जनभावना है इसे सामने लाने के लिए जनमत संग्रह कराया गया जिसमें 98 फीसदी लोगो ने सिहोरा जिला के पक्ष में अपना मत दिया।

### साथ आओ जिला बनाओ अभियान

जिला आंदोलन को विस्तारित करने के लिए समिति ने साथ आओ जिला बनाओ अभियान शुरू किया है जिसमें गांव गांव तक पहुँच आंदोलन की अलख पहुंचाई जा रही है।

### पाटन विधायक की चर्चा

पाटन विधायक अजय विश्नोई द्वारा कटंगी और पोंडा को तहसील बनाने के लिए विगत दिवस की गई वाहन रैली और सरकार के मंत्री के समक्ष प्रदर्शन और ज्ञापन की सिहोरा जिला धरना में लगभग सभी वक्ताओं ने चर्चा की ।वक्ताओं का तर्क था कि जब अजय विश्नोई अपने क्षेत्र की कटंगी और पोंडा को तहसील बनाने की मांग कर सकते है तो सिहोरा विधायक क्यो नही ?

उन्नीसवें धरने में नागेंद्र कुररिया,नंदकुमार परौहा, रामजी शुक्ला,रामलाल साहू,ए के शाही, अनिल जैन,विकास दुबे,मानस तिवारी, अजयशुक्ला ,सियोल जैन,गुड्डू कटैहा,रामनरेश यादव,प्रमोद सोनी,गुड्डू पांडे,विनोद बागरी,सोनू दुबे,मुकेश दीक्षित, रामसुजान,नत्थू पटेल,राजा भैया दुबे सहित अनेक सिहोरा वासी मौजूद रहे।



# ग्रामों के हर घर में पहुचेगा जल - नंदनी मरावी

**विधायक ने किया 1करोड के कार्यों का भूमि पूजन**

**सिहोरा**– अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जल के लिए यहां वहां नही भटकना पडेगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत प्रत्येक घर में नल से जल देने का संकल्प लिया है उक्ताशय विचार विधायक एंव प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी ने ग्रामीण मंडल गोसलपुर के मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल के संयोजन में अनेक ग्रामो मे आयोजित करीब 1 करोड 9 लाख रुपये के भूमिपूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए।

आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह,अनिल चौधरी, शरण साहू,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सीएल साहू,ओम प्रकाश पटेल, प्रधान दिनेश तिवारी के विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया । विधायक ने पोडीकला,सिलुआ,टिकरिया पुरानी, खम्हरिया कुडवा, केवलारी ,हृदयनगर आदि ग्रामो में नल से घर घर जल की योजना का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अजीत मिश्रा,बूथ अध्यक्ष अमित यादव, दिलीप साहू, शुभम साहू, दीपक बर्मन,मोहनलाल, गणेश साहू, रामकुमार तिवारी, राजेश तिवारी तहसीलदार राकेश चौरसिया ,सीईओ आशा देवी पटले, फूड कंट्रोलर पल्लवी जैन सहित अनेक कार्यकर्ता एं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कांग्रेंस आज अनेक वार्ड में करेगी सम्पर्क



### घर चलो घर घर चलो अभियान

सिहोरा । ब्लाक काँग्रेस कमेटी सिहोरा द्वारा संगठन की गतिविधियों को संचालन करने गठित संयोजन समिति की बैठक संयोजक बाबा कुरैशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे घर चलो घर–घर चलो अभियान के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई साथ ही पार्टी के सदस्यता अभियान को और गतिशील बनाने पर विचार हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 13,14 व 15 में 13 फरवरी को एवं 7, 8, 9 वार्ड में 14 फरवरी को दोपहर एक बजे से घर चलो, घर–घर चलो अभियान करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में उपस्थित पार्टीजनों के बीच ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पाठक ने बताया गया की काँग्रेस कमेटी द्वारा जगदीश सैनी को ब्लाक का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में श्रीमती मंजु मिश्रा, प्रकाश कुररिया, मुन्नू दीक्षित, राजेश चौबे, पूर्व पार्षद गणेश दाहिया, रामलोचन गोटिया, राजेश पटैल, आलोक पाडे, श्रीमती अलका डेंगरे, जमीला बानो, सेवादल अध्यक्ष बिट्टू खान, घनश्याम बड़गैया, सत्येन्द्र पटैल, डब्बू पाठक, गुल्लू खान, गुलाब सिंह मरकाम, सुरेश गोंटिया, छुट्टू मिश्रा, मोतीलाल पटैल, राहुल पाण्डे, शंभू गोटिया सहित अनेक पार्टीजन उपस्थित रहे ।

## गरीब विधवा को पेंशन देने की मांग

**गोटेगांव**–नगर के समीपी ग्राम करकबेल में म, प्र, विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने अपनी विज्ञप्ति में वरिष्ठ लेखा अधिकारी जबलपुर ( वृत) पर पेंशनर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए बताया कि विगतद्व सितंबर 20 में डालम सिंह पटवा(लाइनमैन) का निधन होने के बाद उनके परिवार जनों को आज 17 महीनों बाद तक भी पारिवारिक पेंशन जारी नहीं हो रही है। नरसिंहपुर( संचा, संधा,,) संभाग द्वाराद्व फरवरी 21 में सभी खाना पूर्ति कर प्रकरण वरिष्ठ लेखा अधिकारी जबलपुर को प्रेषित किया जा चुका है ,तथा परिवार जनों द्वारा भी उक्त कार्यालय के कई चक्कर लगाने के बाद भी अभी तक पैशन भुगतान नहीं हुई ।जनता यूनियन मध्य प्रदेश सरकार और विद्युत कंपनी प्रशासन से मांग करती है कि उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को दंडित कर गरीब विधवा को पेंशन जारी कराने की मांग की है।

# रोमांचक मैच मैं बैरागी टीम ने कुंडम को हराया

**कुंडम**– कुंडम के कुंडेश्वर मैदान में प्रीमियम टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच खेला गया जिसमें बैरागी टीम ने टॉस जीता और बैटिंग करते हुए 86 रन बनाए जिसमें कुंडम टीम 84 रन ही बना सकी 3 रन से हार गई और बैरागी टीम विजेता बनी और कुंडम टीम उप विजेता बनी बैरागी टीम को 21000 और एक शील्ड ट्रॉफी और कुंडम टीम को 11000 और एक शील्ड ट्रॉफी सिहोरा विधायक नंदनी मरावी के हाथों से दिया गया मैन ऑफ द मैच अयान खान को दिया गया और मैन ऑफ द सीरीज शाहरुख खान को दिया गया संचालक मोहित खरे को शील्ड दी गई संयोजक सोनू बर्मन को शील्ड भेंट की गई कुंडेश्वर मैदान खेल प्रेमियों से खचाखच भरा था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी कमलेश साहू राधेश्याम साहू खिलाड़ी सिंह राजेश साहू झुन्नीलाल झारिया संदीप साहू जबलपुर वाले डॉ राजू साहू रविंद्र साहू देवेंद्र नायक शिक्षक नेतराम झारिया सरपंच प्रदीप ठाकुर बैरागी सरपंच मोईन बैग हामिद खान डॉक्टर शंभू खरे विपिन जायसवाल नित्यानंद झारिया रानू बर्मन मोनू बर्मन राजेश झारिया बिट्टू झारिया शुभम श्रीवास एवं सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## सामाजिक सहयोग से हर मुश्किल आसान होती है

**जबलपुर ।** वैश्विक महामारी के प्रकोप से बचाव के लिए हर वर्ग ने प्रयास किए। मराठी समाज जबलपुर महानगर ने 34000 से अधिक टीकाकरण मे सहयोग किया। हर कार्यकर्ता ने समर्पित होकर सेवाऐ दी है। महाराष्ट्र समाज निरंतर सेवा कार्य मे योगदान देता है। सारे भारत में राजधानी अनेक है संस्कारधानी केवल जबलपुर है। नूतन मराठी परिवार ने कोरोना काल मे अनवरत सेवा करने में सक्रिय भागीदारी रही ।नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने से पुण्यार्जन होता है। सुव्यवस्थित रूप से कोरोना काल मे सेवा का स्तंभ बनकर कार्य किया है।नूतन मराठी टीका करण केंद्र गोलबाजार जबलपुर मे विधायक विनय सक्सेना, कलेक्टर इलैया राजा टी, नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ, श्री दिनेश पांगारकर त्रस्ज्ञ आयुक्त, जिला टीकाकरण अधिकारी डा शत्रुघ्न दाहिया, अश्विनी पराजंपे, ने केंद्र के 34000 वे टीका करण पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे प्रदीप फाटक, सच्चिदानंद शैकटकर, दिलीप कुंभोजकर , डॉ शिरीष नाईक, मधुकर हिरस्कर, मनोज चौधरी, मिलिंद नाइक, राजू कोतवाल ,आलोक सप्रे, सीमा रश्मि, रश्मि सहगल, सीमा प्रधान, रंजना वर्तक सहित स्वयंसेवको का अभिनंदन किया। इस अवसर पर दिलीप कुंभोजकर, अनिल राजुरकर, राजेन्द्र बर्वे, इंद्रनील दंवडे, ,विजय भावे , अतुल पिपंले, श्रीकांत बापट, भास्कर वर्तक , विध्येश भापकर आदि सामाजिक जन उपस्थित रहे।म प्र शासन की ओर से नूतन मराठी स्कूल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन सच्चिदानंद शेकटकर ने आभार धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप फाटक ने किया।आवास निर्माण के लिए दिया जावे 25 लाख का कर्ज।

# भदभदा में हुआ मातृ पितृ का पूजन

सिहोरा। खितौला के ग्राम घुघरा स्तिथ भदभदा हरिओम गौशाला में श्री योग वेदांत सेवा समिति सिहोरा द्वारा मातृ पितृ पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों ने ब?च?कर हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में एक सच्चे प्रेम दिवस की झलक देखने को मिली क्योंकि यह बात सच है की बच्चों के लिए उनके माता पिता से बडा कोई देव नहीं।

### बच्चों ने किया माता पिता का पूजन

कार्यक्रम की शुरुआत एसडीओपी प्रभात शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई तदपश्चात बाहर से आये सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया उसके बाद बच्चों ने अपने –अपने माता पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया,

### बच्चों की नम हो गई आंखे

जैसे भगवान गणेश ने अपने माता पिता भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर उनकी सात प्रदक्षिणा की थी और भगवान शिव माता पार्वती ने गणपति जी को आशिर्वाद दिया और वे प्रथम पूज्य हो गए वैसे ही सभी बच्चों ने अपने माता पिता का पूजन किया सर्वप्रथम बच्चों ने माता पिता को तिलक लगाकर फूल माला पहनाई फिर सात प्रदक्षिणा करते हुए अपने माता पिता के चरण स्पर्श कर उसके बाद उनकी आरती उतारी मातृ पितृ पूजन कर जब बच्चे माता पिता के गले लगे तो उनकी आंखें नम हो गई



वास्तव में अपने माता पिता की सेवा और पूजा ही सच्चा प्रेम दिवस है तभी तो संत आसाराम बापू के प्रेरणा से देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में 14 फरवरी के दिन मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जाने लगा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जबलपुर से आये पंडित अभिनय दुबे,श्री योग वेदांत सेवा समिति सिहोरा के अध्यक्ष राकेश पहरिया बाबाजी,एस के झारिया, संगीता झारिया,शिवचरण दाहिया,महेश साहू,राजेश विश्वकर्मा,आनंद सोनी,नंदलाल अग्रवाल ,रामजी दाहिया, संजय पटेल ,योगेंद्र पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# भू माफियाओं की भेंट चढ़ा सिहोरा का बाह्य नाला

## दस से पंद्रह फीट का भी नही बचा

**सिहोरा**– जिस बाह्य नाला मैं एशिया का प्रथम रेगुलेटर का निर्माण कर सेकडो एकड़ रकवे को सिंचित किया गया था वह प्रशासनिक उपेक्षा के चलते सिकुड़ कर मात्र 10 से 15 फुट चौड़ाई का नाला बन कर रह गया है इस बात का खुलासा तब हुआ जब नई फोर लाइन से लगे रकवा नंबर 1233 का सीमांकन करने राजस्व अमले ने जमीन की नाप जोख की। पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग से नए फोरलेन के बीच कभी हरे भरे खेत लहलहाते थे फसलों को सिंचित करने बाह्य नाला में रेगुलेटर एवं नहर का निर्माण कराया गया था मगर रातों–रात लखपति बनने की चाहत रखने वाले भू माफियाओं ने न केवल कृषि भूमि में सीमेंट कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए बल्कि नगर की पानी निकासी के एकमात्र साधन का अस्तित्व खतरे में डाल दिया

### सिकुडकर छोटा हो गया नाला

12 मीटर का नाला सिकुडकर हुआ 12 फुट प्राप्त जानकारी के अनुसार नई फोर लाइन से लेकर खसरा नंबर 1233 बसंत बिलैया के नाम दर्ज है मौके पर भूमि कम होने की आशंका के चलते उन्होंने सीमांकन का आवेदन किया था उक्त खसरे के पीछे एवं उत्तर पश्चिम दिशा में कुंज बिहारी कुररिया कि 29 आरे भूमि है।तथा इसके बाद बाह्य नाला है सीमांकन के दौरान नाप जोख में कुररिया के रकबे का 28 मीटर उत्तर पश्चिम भाग महज 8 मी शेष रह गया है वहीं इसके पीछे स्थित 10 मीटर चौड़ा नाला मौके पर 10 फुट का ही बचा है इसी प्रकार15 मीटर का पिछला हिस्सा मौके पर मात्र 5 मीटर शेष रह गया है।

### नाले की जमीन कहां गई

यदि मान लिया जाए कि नाले के बहाव एवं कटाव के कारण कुररिया की जमीन से नाला बहने लगा तो फिर नाले की जमीन कहां गई नगर में चर्चा है कि भू माफियाओं द्वारा प्रशासन की मदद से ना केवल नालें की दिशा में छेड़छाड़ की गई है वरन कभी रेगुलेटर से सिंचाई के लिए बनाई गई नहर भी मौके से नदारद हैं।

# समर्पण निधि संग्रहण अभियान समिति घोषित

**सिहोरा**– कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत %संगठन–पर्व% में इस वर्ष भी पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले %समर्पण–निधि% (आजीवन सहयोग निधि) संग्रह हेतु समिति बनाई गई है। इस समिति में जिला संयोजक सहित समिति सदस्य होंगे ।समिति में जिलाध्यक्ष.सांसद,मंत्री(राज्य व केंद्र),विधायक,राष्ट्रीय व प्रादेशिक संगठन पदाधिकारी, निगम ,पंचायत,मंडल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे। भाजपा ग्रामीण जिले में % समर्पण–निधि संग्रह% अभियान को गति प्रदान करने हेतु प्रदेश संगठन द्वारा समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में जिला प्रभारी के रूप में मंत्री गोपाल भार्गव एवं पूर्व राज्यमंत्री जयंत मलैया होगें। संयोजक संदीप शुक्ला, सहसंयोजक पुष्पराज सिंह बघेल के साथ सदस्य के रूप में डॉ.सुभाष तिवारी, कृष्णशेखर सिंह, नीरज सिंह, देवेंद्र यादव, राजेश राय, राजेश दहिया, राजकुमार पटेल को शामिल किया गया है ।

# अखंड निराहार मां नर्मदा सेवा यात्रा का चतुर्थ चरण

**जबलपुर।** माँ नर्मदा प्रकृति संरक्षण सम्वर्धन के लिए 485 दिनों से निराहार सत्याग्रह कर रहे नर्मदा मिशन के संस्थापक प्रकृति उपासक समर्थ सद्गुरु की अखंड निराहार मां नर्मदा सेवा यात्रा का चतुर्थ चरण आद्य गुरु गुफा हीरापुर से माँ नर्मदा पूजन देव वृक्ष मार्तियों की स्थापना के साथ प्रारंभ हुई जिसके पश्चात हीरापुर ,ढोलखेड़ी , छर्रायाघट ,शहपुरा ,भेड़ाघाट ,तेवर होते हुए विभिन्न स्थानों पर देव वृक्ष मूर्तियों की स्थापना व भजन कीर्तन सत्संग के साथ सिद्धघाट पहुंची। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव राजेश्वर पटेल शिवराम पटेल विजय सिंह यादव छोटे राव साहब देवी पटेल दीपक शर्मा लक्ष्मी नारायण शुक्ला प्रमोद यादव कमलेश नागपुर नर्मदा परिक्रमा में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वागत किया।



# जिन्हें देश से नहीं प्यार, उनका हो बहिष्कार

जबलपुर। कितना दुःखद और शर्मनाक है कि जो बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिन्दुस्तान में अपना कारोबार करके करो?ं रुपये का मुनाफा कमाती हैं, लेकिन जब समय आता है तो वो फ्री कश्मीर जैसे अभियान में शामिल हो जाती हैं। हाल ही, दुनिया की दिग्गज कंपनियों ने फ्री कश्मीर का नारा बुलंद करके हिन्दुस्तान के प्रति अपना नजरिया स्पष्ट किया है। इन कंपनियों के सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखी थी। हमारी अपील है कि क्यों न हम भी इन कंपनियों के उत्पादों का बहिष्कार करके इनके प्रति अपना नजरिया एकदम स्पष्ट कर दें। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अंकित श्रीवास्तव ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इस रवैये के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आम जनता से आग्रह किया है कि वे इन कंपनियों से दूरियां बनाएं ताकि कंपनियों के प्रबंधन को नए भारत की नई शक्ति और नए इरादों का अहसास हो सके।

इनमें से कुछ कंपनियों ने भले ही माफी मांग ली हो,लेकिन क्या इससे इन्होंने जो किया है, वो बदल जायेगा। वो ट्वीट,जिनके माध्यम से इन्होंने फ्री कश्मीर की हिमायत की है, क्या उनका भाव बदल जायेगा। सत्य यही है कि इन कंपनियों ने केवल और केवल व्यवसायिक दबाव में आकर माफी मांगने का ढोंग किया है,जबकि इनकी धारणा अब भी वही है। भाजपा के मनोज तिवारी ने स्पष्ट किया कि यदि अभी भी हम इन कंपनियों के उत्पादों को खरीदते रहे तो वो दिन दूर नहीं,जब ये कंपनियां भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से भी नहीं चूकेंगी। भाजपा के ही अभिलाष मलिक ने चेताया कि अगर इन कंपनियों को अभी नहीं रोक गया तो ये भारत की विदेश नीति को बदलने के लिए दबाव बनाने का दुस्साहस भी कर सकती हैं। बीजेपी के हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि जो देश के विरुद्ध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की चेष्टा कर सकते हैं, उनसे भविष्य में हमें कई अन्य खतरे भी हो सकते हैं इसलिए इन्हें अभी कुचलना होगा और इसके लिये जरूरी है कि हम सब मिलकर इनका बॉयकॉट करें।

# सिहोरा जिला के लिए गाँव गाँव मे नुक्कड़ सभाएं

**सिहोरा**– सिहोरा को जिला बनाने का आंदोलन अब सिहोरा नगर से गाँव गाँव तक पहुँच रहा है ।शनिवार को साथ आओ सिहोरा जिला बनाओ अभियान के तहत लक्ष्य जिला आंदोलन समिति ने सिहोरा विधानसभा के अनेक गाँवो तक पहुँच नुक्क? सभाएँ की और जिला के पर्चे बांटे ।समिति का दावा है कि आने वाले समय मे जिला आंदोलन व्यापक रूप में सामने आएगा। समिती ने फनवानी,नुंजी,प्रतापपुर, सरौली,मझगवां और खितौला खम्परिया में व्यापक जनसंपर्क करते हुए नुक्क? सभाएँ की ।समिति ने लोगों को बताया कि सरकारों द्वारा सिहोरा की उपेक्षा की गई है ।सिहोरा को 18 वर्ष पूर्व जिला बन जाना था परंतु राजनैतिक उपेक्षा और राजनेताओं के ढुलमुल रवैये के कारण सिहोरा पिछ?ता चला गया।

### मझगवां को तहसील बनाने की मांग

जिस समय समिति द्वारा सिहोरा जिला के समर्थन में सभा चल रही थी,मझगवाँ के उपस्थित लोगों ने मझगवाँ को तहसील बनाने की बात रखी ।लक्ष्य जिला आंदोलन समिति सदस्यों ने मझगवाँ के लोगों को आश्वस्त किया कि वे सिहोरा जिला के साथ मझगवां को तहसील बनाने की मांग भी रखेंगे। समिति द्वारा आज उन्नीसंवा धरना दिया जायेगा।


# शिशु मंदिर में बिदाई समारोह आयोजित

**सिहोरा**– नगर के सरस्वती शिशु मंदिर सिहोरा में कक्षा द्वादश के भैया बहिनों का शुभकामना दिवस बिदाई समारोह का कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के व्यवस्थापक अनुपम सराफ के मुख्य आतिथ्य तथा विद्यालय के प्राचार्य विनोद गर्ग की अध्यक्षता तथा बृजेश श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ ।जिसमे कक्षा द्वादश के भैया–बहिनो ने अपने विद्यालयीन अनुभव व्यक्त करते हुये सभी को भाव–विभोर कर दिया। विद्यालय के आचार्यों ने भी अपने अनुभव व्यक्त कर छात्रों के ममत्व पूर्ण व्यवहार से अभिभूत नजर आये । कार्यक्रम का संचालन कक्षा एकादश के भैया शिरोमणि त्रिपाठी ने किया।




# अपने प्यार के साथ वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट कर रहे बॉलीवुड सितारे







### सोनम कपूर ने लिखी प्यारी सी पोस्ट

सोनम कपूर ने अपने पति आनंद आहूजा के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा– हैप्पी वैलेंटाइन डे। प्यार से ज्यादा जरूरी कुछ भी नहीं...

### बिपाशा बसु ने करण से किया प्यार का इजहार

वो प्यार है, मुझे करण से मिलने से पहले प्यार का मतलब भी नहीं पता था। प्यार आपको खुशी देता है। प्यार आपको मजबूत बनाता है। प्यार में आप किसी को जज नहीं करते। प्यार आपको गर्व महसूस कराता है। प्यार आपका सच्चा दोस्त है। प्यार सभी मुश्किलों को आसान बना देता है। सभी को सच्चा प्यार मिले। हैप्पी वैलेंटाइन डे करण...

### नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह

वह अपनी नेहू को खास महसूस कराने का एक मौका भी नहीं छोड़ता है। हैप्पी वैलेंटाइन डे रोहनप्रीत

अर्जुन कपूर, मलाइका अरोड़ा मलाइका अरोड़ा भी वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई से बाहर गई हैं। बता दें कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अर्जुन कपूर उम्र में उनसे काफी छोटे हैं। बावजूद इसके दोनों ने समाज की सीमाओं को तोड़ते हुए एक दूसरे से प्यार किया।

फरवरी का महीना लव बर्ड्स के लिए बेहद खास माना जाता है। आम लोगों से लेकर खास तक, सभी अपने चाहने वालों से प्यार का इजहार करते हैं। आज पूरा देश वैलेंटाइन डे मना रहा है। ऐसे में हमारे बॉलीवुड सितारे कैसे पीछे रह सकते हैं। किसी ने अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत पोस्ट साझा किया है तो कोई इस खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए लंदन से आया। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे बॉलीवुड सितारे किस अंदाज में मना रहे हैं आइए देखते हैं।फरवरी का महीना लव बर्ड्स के लिए बेहद खास माना जाता है। आम लोगों से लेकर खास तक, सभी अपने चाहने वालों से प्यार का इजहार करते हैं। आज पूरा देश वैलेंटाइन डे मना रहा है। ऐसे में हमारे बॉलीवुड सितारे कैसे पीछे रह सकते हैं। किसी ने अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत पोस्ट साझा किया है तो कोई इस खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए लंदन से आया। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे बॉलीवुड सितारे किस अंदाज में मना रहे हैं आइए देखते हैं।







### मौनी रॉय की पोस्ट ने खीचा फैंस का ध्यान

मौनी रॉय इन दिनों अपने पति सूरज के साथ कश्मीर में हनीमून मना रही हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर मौनी रॉय ने एक बेहद खूबूसरत तस्वीर पोस्ट की है। जिसमें वह भगवान शिव के मंदिर में पूजा करती हुई दिखाई दे रही हैं। अपनी तस्वीरों को पोस्ट करते हुए मौनी ने लिखा– ? नमः शिवायः हर हर महादेव

## नेशनल अवार्ड विनर उषा बनीं स्पेन फिल्म फेस्टिवल की खास मेहमान

### कहानियों में बदलाव की जरूरत पर दिया जोर



सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं उषा जाधव की स्पेन के नेशनल फिल्म फेस्टिवल में खास मेहमान की तौर पर शिरकत की खबर से हिंदी और मराठी सिनेमा झूम उठा है। लोग उनको फोन पर और सोशल मीडिया पर बधाई संदेश दे रहे हैं। वहीं, उषा ने स्पेन से 'अमर उजाला' से बात करते हुए कहा कि दुनिया भर में जिस तेजी से सिनेमा में भाषाई सरहदें धुंधली हो रही हैं, उसके चलते अब हर देश में कहानियों में बदलाव की जरूरत दिख रही है। अब लोग ऐसा सिनेमा देखना चाह रहे हैं जो वर्ण, वर्ग और लिंग भेद से ऊपर उठकर एक वैश्विक नजरिये से कहानी कह सके।

उषा जाधव पिछले कई महीनों से यूरोपीय सिनेमा में सक्रिय रही हैं। स्पेन में रहकर वहां की भाषा सीखने के अलावा उषा ने स्पेन में कुछ जानदार परियोजनाओं पर भी काम किया है। वह वहां भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार तो कर ही रही हैं, सिनेमा प्रेमियों का एक समूह बनाकर वह वहां देश की कलात्मक और सिनेमाई विविधता के बारे में भी लोगों को जागृत कर रही हैं। उषा बताती हैं, 'यूरोप में भारतीय सिनेमा के चाहने वाले शुरू से रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में उनकी भारतीय सिनेमा से उम्मीदें काफी बढ़ी हैं।'

कोरोना संक्रमण काल के बीच उषा ने स्पेन में रहकर तमाम सामाजिक कार्य किए और वहां से यहां मुंबई के कुछ स्वयंसेवी समूहों की भी आवश्यक मदद पहुंचाई। उषा कहती हैं, 'हर सम्मान मेरी जिम्मेदारी में इजाफा करता है। लोग अगर भारतीय सिनेमा में किए मेरे काम की सराहना करते हैं और उसका सम्मान करने के लिए ही मुझे स्पेन के नेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे आयोजन गोया में बुलाते हैं तो ये मेरे भारतीय दर्शकों का भी सम्मान है। वह कहती हैं कि मेरी फिल्मों की कहानियों की चर्चा यहां के फिल्म समूहों में होती है तो मुझे गर्व होता है।'

इससे पहले भी हाल ही में उषा को एक ऐसे कार्यक्रम में भी बुलाया गया जिसमें मौजूद सितारों को बदलते दौर की 'एसेंशियल वॉयसेस' में से एक माना गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने सिर्फ भारत का ही नहीं बल्कि एशिया का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ इस चर्चा में अफ्रीका और यूरोप के कलाकारों के अलावा लैटिन अमेरिका के कलाकारों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान बहस इस बात पर भी हुई कि कैसे ढर्रे पर चलती आ रही चीजों में बदलाव लाया जाए और कैसे दृश्य श्रव्य माध्यम में विविधता को प्रोत्साहित किया जाए। स्पेन के खेल व संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम का आयोजन स्पैनिश एसोसिएशन ऑफ वीमन इन फिल्म्स एंड टीवी और सीमा के साथ कूफिल्म ने मिलकर किया।

## फिल्मों में वापसी के लिए मुमताज को चाहिए पति की इजाजत

### बोलीं- अगर वो कहेंगे तो करूंगी वर्ना...

**60 के दशक की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक मुमताज अब काफी समय से सिनेमा जगत से दूर हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी और अपने चुलबुले अंदाज से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। मुमताज भारत से दूर विदेश में अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जीवन बिता रही हैं। मुमताज ने हाल ही में अपने फैंस से बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने इंडस्ट्री में वापसी के सवाल पर भी जवाब दिए।**



रविवार को इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा की बेटी तान्या माधवानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी मां मुमताज को उनके फैंस से एक इंस्टा लाइव सेशन में रूबरू कराया। इस लाइव सेशन में उन्होंने अपने फैंस के हर सवाल का जवाब दिया।

### बॉलीवुड में वापसी पर बोलीं मुमताज

जब एक फैन ने मुमताज से बॉलीवुड में लौटने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, बॉलीवुड, मुझे नहीं पता। अब मुझे यकीन नहीं है कि मुझे उस तरह की भूमिका मिलेगी जो वास्तव में मेरे दिल को छूने वाली होगी और आप लोग भी मुझे उस रोल में देखकर सराहेंगे। मुझे अपने पति से वापसी की अनुमती लेनी होगी और अगर वह कहेंगे की ठीक है कर लो तभी मैं करूंगी।

### जल्द आएंगी भारत

मुमताज ने यह भी कहा कि वह जल्द ही मुंबई आएंगी। उनकी बेटी ने अदाकारा की इस बात पर रिएक्ट करते हुए, फैंस से मुमताज से रिक्वेस्ट करने को कहा कि %जब यह मुंबई में हों तो इनसे घर से बाहर निकलने के लिए कहिए। यह बाहर नहीं जाती हैं।% इस बात पर मुमताज ने कहा कि अगर मैं बाहर निकली भी तब भी मुझे कोई पहचान नहीं पाएगा।

### फैंस का किया शुक्रिया

मुमताज ने इस सेशन के अंत में अपने फैंस को शुक्रिया कहते हुए कहा, जब तक मैं जिन्दा हूं आप लोग ऐसे ही मुझे प्यार करते रहें और याद रखें। लेकिन मेरे जाने के बाद मेरे लिए मत रोना। काश आप लोगों से आज भी उसी तरह से जुड़ी हुई होती।



### छोटी उम्र में की थी करियर की शुरुआत

74 वर्षीय अभिनेत्री ने 11 साल की छोटी उम्र में %सोने की चिड़िया% फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने राजेश खन्ना के साथ कई हिट फिल्मों में काम किया। 13 साल के ब्रेक के बाद उन्होंने 1990 में %आंधियां% के साथ पर्दे पर वापसी की, लेकिन इसके बाद उन्होंने अभिनय छोड़ दिया और विदेश चली गईं।

## रिएलिटी शो में इलेश संग की सगाई तो कभी दीपक कलाल से किया शादी का एलान

## पब्लिसिटी के लिए शादी से भी परहेज नहीं करतीं राखी सावंत

राखी सावंत को कॉन्ट्रोवर्सी और ड्रामा क्वीन कहा जाता है। बीते रोज उन्होंने पोस्ट लिखकर पति रितेश संग अलग होने की जानकारी दी। राखी ने लिखा 'सभी फैंस और मेरे प्रिय जन, हम आप लोगों से कहना चाहते हैं कि मैं और रितेश एक दूसरे से अलग हो गए हैं। %बिग बॉस% के बाद बहुत कुछ हुआ और कई चीजें ऐसी हुईं जो मेरे कंट्रोल से बाहर थीं। हम लोगों ने बहुत कोशिश की, लेकिन आखिर में यही फैसला किया हम दोनों अपनी लाइफ अलग-अलग बिताएं।'

### इलेश पारुंजवाला

राखी सावंत की जिंदगी काफी उतार चढ़ाव वाली रही है। अपनी मेहनत से इंडस्ट्री में मुकाम हासिल कर चुकीं राखी सावंत रितेश से पहले भी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रही हैं। राखी सावंत का साल 2009 में स्वयंवर हुआ था। इस रियेलिटी शो में उन्हें उनका हमसफर मिल गया था। राखी ने एनआरआई इलेश पारुंजवाला से सगाई भी कर ली थी लेकिन बाद में राखी ने खुद राहें अलग कर लीं। राखी ने ये सगाई पैसों के लिए की थी, उन्होंने बाद में इसका खुलासा भी किया था।





दीपक कलाल के शादी का एलान और ड्रामा

राखी सावंत ने 2018 में एलान किया था कि वे दीपक कलाल के साथ शादी करने जा रही हैं। शादी की डेट 31 दिसंबर 2018 फाइनल की गई और वेन्यू लॉस एंजेलिस तय किया गया था। इतना ही नहीं राखी ने लाइव हनीमून मनाने का भी एलान किया। हालांकि ये शादी हो नहीं पाई और ये महज एक पब्लिसिटी स्टंट साबित हुआ।

### रितेश संग शादी भी नहीं थी लीगल

राखी सावंत का तीन साल तक डांसर अभिषेक अवस्थी के साथ अफेयर चला। राखी ने कथित तौर पर 2019 में एनआरआई रितेश संग शादी की। हालांकि बिग बॉस 15 से पहले तक राखी के पति रितेश को किसी ने नहीं देखा था। हालांकि, जब बिग बॉस से राखी बाहर आईं तो उन्होंने कहा कि उन्होंने रितेश से लीगल तरीके से शादी नहीं की है। रितेश पहले से शादीशुदा हैं। रितेश की पहली पत्नी का नाम स्निग्धा है। स्निग्धा का इंटरव्यू भी सामने आया था, जिसमें स्निग्धा ने रितेश पर मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

# सूर्य, चन्द्र और लग्न की गणना से होती है राशियों की भविष्यवाणी

**जबलपुर,यशभारत। जीवन ज्योतिष कार्यक्रम को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। जिसके पीछे कारण है कि इसमें न केवल लोग अपनी कुण्डली के विषय में जानकारी ले रहे है बल्कि यह भी जानकारी हासिल कर रहे है कि कुण्डली और राशियों को कैसे समझा जा सकता है, पिछले कार्यक्रम में हमने चर्चा की थी कि हमारी जन्मपत्री किस प्रकार से बनती है ,वहीं आज के कार्यक्रम में हम जानेगें कि राशियां क्या है और इनकी गणना किस प्रकार करते है। तो आईये यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में राशियों के विषय में जाने**

यश भारत जीवन ज्योतिष


वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### राशियां क्या है

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा कहते है कि हमने पिछले कार्यक्रम में जन्मपत्री पर चर्चा की थी और जाना कि उत्तर भारत की जन्मपत्री और दक्षिण भारत की जन्मपत्री, इसमें दो चीजें महत्वपूर्ण होती है एक राशि और दूसरा ग्रह। आपने देखा होगा कि हम प्रतिदिन राशिफल देखते है जो साप्ताहिक और मासिक भी होते है, प्रत्येक व्यक्ति कि अलग अलग राशि होती है जिसके आधार पर हमारे नाम रखे जाते है।

### राशियों के प्रकार

दक्षिण भारत में राशि कुछ अलग होगी और उत्तर भारत में राशि अलग होगी वही पाश्चात्य देशों में भी राशि अलग होती है, कई लोग चन्द्र राशि को उपयोग में लाते है और कई लोग सूर्य राशि को, चन्द्र राशि का मतलब जिस समय हमारा जन्म हुआ है उस समय चन्द्र किस राशि में भ्रमण कर रहे थे वो हमारी चन्द्र राशि है, आमतौर पर हम उत्तर भारत में हम इसे चन्द्र राशि कहते है। इसी तरह दक्षिण भारत और पाश्चात्य देशों में सूर्य राशि मानते है, जिसमें जिस समय आपका जन्म हुआ उस समय सूर्य किस राशि में था उसे सूर्य राशि कहते है।



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में जाने ज्योतिष के विषय में मनोहर वर्मा से यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के साथ

### गति के आधार पर गणना

सूर्य एक राशि में एक महीने भ्रमण कर रहा है, जैसे मकर संक्राति में सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और एक महीने बाद वह कुंभ राशि में प्रवेश कर जाता है जैसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही एक महीने के भ्रमणकाल के दौरान जितने भी लोग जन्म लेगें वह सभी मकर राशि के जातक कहलाएगें। ठीक ऐसे ही चन्द्र प्रत्येक राशि में सवा दो दिन तक भ्रमण करता है मान लीजिये चन्द्र धनु राशि में है तो, ऐसे समय जन्में बालक या बालिका धनु राशि होगी। तो चन्द्र राशि में जितने लोग होते है उनसे बारह गुणा ज्यादा जातक सूर्य राशि के होते है। चन्द्र राशि में जहां सवा दो दिन में आपकी राशि बदल जाती है वही सूर्य में एक महीना लगता है।

### सूर्य और चन्द्र का अलग अलग प्रभाव

जब गणना की जाती है तो ज्योतिष सूर्य और चन्द्र दोनों की गणना करते है आमतौर पर जो राशिफल होते है वह चन्द्र राशि के होते है जिसकी गणना कर ज्योतिष बताते है कि आपका फल क्या होगा। उत्तर भारत में चन्द्र राशि के आधार पर ही राशिफल दिया होता है। सूर्य राशि का अलग फल होगा, अगर आपकी सूर्य राशि और चन्द्र राशि एक है दोनों का फल एक ही होगा वही अगर अलग है तो सूर्य राशि के आधार पर अलग फल है और चन्द्र राशि के आधार पर अलग फल होगा। वही तीसरा लग्न जो हर दो घंटे में बदलता है ऐसे में आपके लग्न के आधार भी परिणाम मिलेगे, क्योंकि लग्न भी एक राशि है। तो इन तीनों के आधार पर जब गणना करते है तो हमें सटीक परिणाम हासिल होते है।

### परेशान मत होईये

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा कहते है कि कई बार चन्द्र राशि की गणना से परिणाम नकारात्मक होते है जिसको लेकर हम परेशान हो जाते है ऐसे में श्री वर्मा कहते है कि हमें परेशान होने की जरूरत नहीं है हो सकता है कि लग्न और सूर्य की गणना करने पर उक्त परिणाम आपके अनुकूल हो। हो सकता है कि आपको ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त हो जायें। इसलिये चन्द्र, सूर्य और लग्न की गणना से ही राशिफल प्राप्त होते है।

### अगले कार्यक्रम में जाने

मनोहर वर्मा जी से जब पूछा गया कि आप पाठकों और दर्शकों के लिये अगले कार्यक्रम में क्या महत्वपूर्ण जानकारी देगें तो उन्होने बताया कि अगले एपिसोड में हम जानेगें कि एक एक करके इन राशियों के विषय में चर्चा करेंगें। इनके गुण और इनके प्रभावों के बारें में चर्चा करेगें।

**वीडियों कार्यक्रम देखने के लिये यशभारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर जायें।**

# पेराडाइज होटल में पकड़े गए युवक-युवतियां

## पुलिस को देखते ही संदिग्ध अवस्था में भागने की कोशिश, दबोचा

**जबलपुर, यशभारत। कोतवाली के होटल पेराडाइज में लंबे समय से अवैध गतिविधियां संचालित थीं। क्षेत्रीय लोगों ने अनेक बार पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दो युवक, युवतियों को होटल में संदिग्ध हालत में पकड़ा है। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।**



कोतवाली थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नरघैया के पास स्थित होटल पैराडाइज में संदिग्ध गतिविधियां चल रहीं है। जिसके चलते दबिश देकर पुलिस ने दिलीप दाहिया 26 साल निवासी रांझी, रोशन अहिरवार 24 साल निवासी ग्राम कोरता, तहसील जबेरा, अजय वंशकार 23 साल निवासी नरसिंहपुर, गणेश तिवारी 23 साल, निवासी तेंदूखेड़ा, कुंदन कुमार प्रजापति 29 साल निवासी झारखंड को दबोचा गया है। जो लड़कियों के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए है।

### पांच युवकों के साथ तीन युवतियां थी

पुलिस ने बताया कि दबिश के दौरान होटल में तीन युवतियों के साथ पांच युवक मिले हैं। जो संदिग्ध अवस्था में थे। सभी पांच युवकों को दबोचा गया है।

### रिक्शा चालक को युवक ने मारा चाकू

# आग सेकने को लेकर हुआ विवाद

जबलपुर, यशभारत। सिविल लाइन थाना अंतर्गत आग सेकने को लेकर हुए विवाद में एक रिक्शा चालक को आरोपी ने चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिक्शा चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सरकारी कुआं मरघटाई निवासी कल्लू साहू 27 साल ने पुलिस को बताया कि वह ठंड से बचने के लिए आग सेंक रहा था। वहीं पर छोटी ओमती निवासी रेहान खान 23 वर्ष आया और हट जाने को कहा। जब उसने मना किया तो गालियां देने लगा और इसी बीच जमकर मारपीट कर कर, पैर में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

# तिलहरी लूटकांड / देश में हुईं लूटों का खाका किया जा रहा तैयार: आईजी उमेश जोगा

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के तिलहरी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान खुलेआम गोलीकांड के साथ हत्या और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पकड़ में नहीं आ सके।**

जिसके चलते अब पुलिस छिन्दवाड़ा सहित देश के अनेक राज्यों में हुईं लूट और हत्या की वारदातों का खुलासा कर, आरोपियों को दबोचने वाले विशेषज्ञों से सलाह ले रही है साथ ही ऐसी वारदातों का पूरा खाका तैयार कर, जांच के प्रमुख बिन्दुओं के हिसाब से आरोपियों को तलाश करने में लगी है। आईजी उमेश जोगा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मिले । सबूत



और पूरे देश में अब तक हुईं लूट और हत्या की वारदातों का खाका जुटाया जा रहा है। ताकि यह पता लगा जा सके कि आरोपी लूट और हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने के बाद कहां जाते है, क्या करते हैं और पुलिस से बचने का उनका जरिया क्या-क्या होता है। पुलिस की सक्रिय टीमें लगातार कार्रवाईयों को अंजाम दे रहीं हैं। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

### आसपास के जिलों में दबिश दे रहीं टीमें

लूट और हत्याकांड के आरोपियों की धरपकड़ के लिए 150 जवानों को लगाया गया है। वारदात के बाद फरार बदमाशों को तलाशने के लिए तिलहरी बरेला मार्ग स्थित सीसीटीवी कैमरों के अलावा जिलेभर के प्रमुख मार्गा पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। आला-अधिकारी समेत प्रकरण के पर्दाफाश में जुटा पूरा अमला जबलपुर के आसपास के जिलों में लगातार दबिश दे रहा है।

### कटंगी बायपास में भीषण सड़क हादसा

# एक्टिवा सवार वृद्ध को बेकाबू ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के कटंगी बायपास में एक्टिवा सवार वृद्ध को बेकाबू ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा सवार वाहन समेत रोड से उछलकर पांच फिट दूर जा गिरा। जिसे आनन-फानन में राहीगरों और आसपास के लोगों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम कर, आरोपी ट्रक चालक को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार राजेन्द्र कुमार सेन 62 साल करमेता के निवासी हैं। जो एमपीईबी में लाइनमैन के पद पर पदस्थ थे। विगत दिन अपनी एक्टिवां में कटंगी से करमेता लौट रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। वृद्ध को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईडक्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Joumal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

### शादी समारोह में गए युवक का चोरों ने किया घर साफ

# सोने-चांदी के जेवरात समेत 70 हजार का माल पार

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना के धनवंतरी नगर में चोरों ने एक सूने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर, घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे हुए सोने-चाँदी के जेवरात और नगदी में हाथ साफ कर 70 हजार का माल पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित सपरिवार बेलखेड़ा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि जगत सिंह 33 साल, धनवंतरी नगर का निवासी है। पीड़ित ने बताया कि वह बेलखेड़ा में शादी समारोह में शामिल होने 25 जनवरी को गया था।वहां पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि गेट का ताला टूटा हुआ पड़ा है। जिसके बाद जब वह वापस आया तो देखा कि घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का लॉक तोड़कर शातिर चोरों ने पैत्रिक रखे हुए सोने के पन्डेंट, हाय चंद्रमा, चांदी की पायल और नगदी कुल 70 हजार का माल लेकर रफार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। साथ ही क्षेत्र के पुराने और निगरानीशुदा बदमाशों सहित पूर्व में चोरी के मामलों में पकड़े गए आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### प्रदीप यादव का स्वर्गवास



**जबलपुर।** विजय नगर निवासी प्रदीप यादव का आज स्वर्गवास हो गया है । जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान एकता चौक, विजय नगर से आज शाम 4:30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे कांग्रेस नेता सचिन यादव के जीजा थे।

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे
MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे
MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
-: सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पताः- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्रः-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)